डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com




PG-5


आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक




PG-8

सिनेमाः-एमसी स्टैन ने एआर रहमान, अरिजीत सिंह और नेहा कक्कड़ को पछाड़ा, बिग बॉस 16 के बाद अब बनाया ये नया रिकॉर्ड


वर्ष -09 अंक -04 | प्रयागराज ,शुक्रवार, 03, मार्च, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये


## संक्षिप्त समाचार

### जेपी नड्डा ने चामराजनगर में विजय संकल्प यात्रा को दिखाई झंडी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**चामराजनगर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को चामराजनगर में 'विजय संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जेपी नड्डा ने कहा कि 'विजय संकल्प यात्रा' कर्नाटक में चार स्थानों से शुरू होगी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 20 दिनों के अंदर इस यात्रा के माध्यम से हम 8 हजार किमी की यात्रा करेंगे। जेपी नड्डाने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की छवि बदली है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आदिवासियों, गरीबों, महिलाओं और वंचितों के लिए बेहतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज के समय में अनुसूचित जनजाति से 12 केंद्रीय मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आदिवासियों के लिए बजट को बढ़ाकर 190 प्रतिशत किया है। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि 2013 में बजट 4295 करोड़ रुपये था, जिसे आज बढ़ाकर 12,461 करोड़ रुपये कर दिया गया है। पिछड़ा वर्ग के लिए राष्ट्रीय आयोग को मोदी सरकार द्वारा संवैधानिक दर्जा दिया गया था।

### ब्रिटिश विदेश मंत्री ने उठाया बीबीसी दफ्तरों पर आईटी सर्वे का मुद्दा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने बुधवार को अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर के सामने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी (बीबीसी) के दफ्तरों पर हुए आयकर विभाग



(आईटी) के सर्वे का मुद्दा उठाया। इस दौरान जयशंकर ने ब्रिटिश विदेश मंत्री को सधा हुआ जवाब दिया है। जयशंकर ने क्लेवरली से साफ तौर पर कहा कि भारत में काम करने वाले सभी संस्थाओं को कानूनों और नियमों का पूरी तरह से पालन करना चाहिए। क्लेवरली ने एजेंसी को बताया कि उन्होंने जयशंकर के सामने आईटी सर्वे का मुद्दा उठाया था।

## त्रिपुरा मे टीएमपी ने कांग्रेस-लेफ्ट गठबधन की निकाली हवा, जानें क्या है 'शाही' कनेक्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा में पहली बार टिपरा मोथा पार्टी विधानसभा चुनाव लड़ रही है। इस पार्टी का गठन 2021 में किया गया था। पार्टी के




प्रमुख त्रिपुरा के पूर्व शाही वंशज प्रद्योत विक्रम माणिक्य देब बर्मा हैं। गुरुवार को जारी मतगणना के ताझा रुझानों में टीएमपी कांग्रेस-लेफ्ट गठबंधन को कड़ी टक्कर देती हुई नजर आ रही है। टिपरा मोथा पार्टी 42 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उसने किसी भी दल के साथ गठंधन नहीं किया है। इसकी वजह उसकी मांग ग्रेटर तिप्रालैंड के लिए किसी दल से कोई लिखित सहमति न मिलना है। पार्टी के प्रमुख देब बर्मा खुद चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। उनका कहना है कि टिपरा मोथा एक छोटी पार्टी है, जो राजनीति की व्यवस्था को बदलने के लिए पारदर्शिता में विश्वास करती है टिपरा मोथा 2021 से त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद में सत्ता में है। त्रिपुरा विधानसभा में कुल 60 सीटों में से अनुसूचित जनजातियों के लिए 20 आरक्षित सीटें हैं टिपरा मोथा पार्टी को टिपरा स्वदेशी प्रगतिशील क्षेत्रीय गठबंधन के रूप में भी जाना जाता है। इसका नेतृत्व प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देब बर्मा कर रहे हैं। माणिक्य देब बर्मा को 25 फरवरी 2019 को त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हालांकि, कुछ ही महीनों के अंदर उन्होंने कांग्रेस आलाकमान पर भ्रष्ट लोगों को समायोजित करने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाते हुए इस्तीफा दे दिया। इसके लगभग तीन महीने बाद उन्होंने एक सामाजिक संगठन का गठन किया। पांच फरवरी 2021 को देबबर्मा ने घोषणा की, कि उनका संगठन राजनीतिक दल बन गया है और 2021 त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद चुनाव लड़ेगा। टिपरा पार्टी में आईएनपीटी , टीएसपी और आईपीएफटी का 2021 में विलय हो गया त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद के चुनाव में टिपरा मोथा ने 16 सीटें जीती, जबकि उसके सहयोगी आईएनपीटी को 2 सीटों पर जीत मिली। इस तरह परिषद में लेफ्ट के 15 साल का शासन का अंत हुआ। टिपरा एकमात्र ऐसी क्षेत्रीय पार्टी बन गई, जो बिना राष्ट्रीय पार्टी के गठबंधन के परिषद की सत्ता को पाने में कामयाब रही। बता दें, त्रिपुरा में इस समय भाजपा की सरकार है। माणिक सरकार मुख्यमंत्री हैं। भाजपा को हराने के लिए लेफ्ट और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ रही है। टिपरा मोथा के आने से मुकाबला रोचक हो गया है। गुरुवार को जारी मतगणना के शुरुआती रुझानों के मुताबिक, टिपरा मोथा कांग्रेस-माकपा गठबंधन से भी ज्यादा सीटों पर आगे है।

## दो साल में संचालन के स्तर पर आ जाएगा इंदौर का लाजिस्टिक पार्क 1110 करोड़ की लागत वाले एमएमएलपी का ठेका आवंटित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** इंदौर में बनने जा रहे मल्टी माडल लाजिस्टिक पार्क (एमएमएलपी) का ठेका दे दिया गया है। लगभग 1110 करोड़ रुपये की लागत से बनने जा रहे इस पार्क का पहला चरण दो साल के भीतर



पूरा होगा और यह संचालन के स्तर पर आ जाएगा। धार जिले के पास पीतमपुर में यह एमएमएलपी 255.17 एकड़ में बनाया जाएगा केंद्र सरकार पूरे देश में लाजिस्टिक की जरूरतों को पूरा करने के लिए 35 ऐसे पार्क बनाने जा रही है और धार में बनने जा रहा यह पार्क पूरे मध्य भारत के लिए अहम साबित होगा। यह पार्क रणनीतिक रूप से अहम जगह पर बनने जा रहा है, क्योंकि यह पीतमपुर औद्योगिक क्षेत्र के निकट होगा। यह क्षेत्र वस्त्र तथा दवा के क्लस्टर के रूप में भी जाना जा रहा हैप्रोजेक्ट पीपीपी मोड में विकसित किया जाएगा। पार्क के विकास और संचालन के लिए डेवलपर को 45 साल के कंसेशन पीरियड के साथ नियुक्त किया जाएगा। पार्क के विकास के लिए नेशनल हाईवे लाजिस्टिक मैनेजमेंट लि., रेल विकास निगम और मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम मिलकर काम करेंगे। यह समूह ही पार्क के लिए भूमि, बाहरी रेल और रोड लिंकर तथा पानी-बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा क्या होते हैं एमएमएलपी केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना भारतमाला के तहत बनाए जा रहे मल्टी माडल लाजिस्टिक पार्क सामानों की आवाजाही में आने वाले खर्च को घटाने में अहम भूमिका अदा करेंगे। रेल-सड़क समेत परिवहन के समस्त साधनों के साथ बनने वाले इन पार्क में देश-विदेश तक सामानों की आवाजाही के लिए लाजिस्टिक और वितरण की सभी गतिविधियां उपलब्ध होंगी। इसमें कंटेनर यार्ड, वेयरहाउस, साइलो, कोल्ड स्टोरेज भी होंगे।

## अब दुश्मनों की खैर नहीं चीन पाक सीमा पर तैनाती के लिए 307 एटी ए जी एस हॉवित्जर तोप खरीदेगी भारतीय सेना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत-चीन सीमा एलएसी और पाकिस्तान सीमा पर भारतीय सेना अपनी तोपखाने की क्षमताओं को विस्तार करने पर काम कर रही है। रक्षा क्षेत्र में 'मेक-



इन-इंडिया' की दिशा में प्रमुख कदम उठाते हुए, रक्षा मंत्रालय को भारतीय सेना से चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर तैनाती के लिए 307 उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) खरीदने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। रक्षा मंत्रालय को भारतीय सेना से 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और इस पर चर्चा चल रही है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि इसे जल्द ही मंजूरी मिलने और सुरक्षा पर कैबिनेट समिति द्वारा मंजूरी के लिए भेजे जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी हॉवित्जर के लिए यह पहला ऑर्डर होगा, जो करीब 50 किलोमीटर दूर तक निशाना साध सकता है और माना जाता है कि यह अपनी श्रेणी में सबसे अच्छी तोप है बता दें कि सेना विभिन्न ऊंचाई और इलाकों में तोप का परीक्षण कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि उपयोगकर्ताओं द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार उन्हें अपग्रेड किया गया है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा दो निजी फर्मों के साथ कच्चे होवित्जर की तकनीक और जानकारी साझा की गई है और वे 320 से अधिक उच्च गतिशीलता वाले वाहनों सहित बलों को सिस्टम की आपूर्ति करेंगे। बता दें कि पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में 26 अप्रैल से 2 मई के बीच 155स्स/52 कैलिबर एडवांस्ड टोएड आर्टिलरी गन सिस्टमका परीक्षण पूरा किया गया। भारतीय सेना के तोपखाने आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत द्वारा मिशन मोड में शुरू की गई एक स्वदेशी टोड आर्टिलरी गन सिस्टम परियोजना है

## यूएई के मंत्री जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने भारत पहुंचे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** यूएई के विदेश मामलों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में



भाग लेने के लिए भारत पहुंचे। बैठक में भाग लेने के लिए मिस्र के विदेश मंत्री सामेह शौकरी और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भी पहुंचे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बुधवार को एक ट्वीट में कहा कि भारत में आपका स्वागत है। भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक 2 मार्च को होगी। बैठक राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में होगी और लगभग 40 प्रतिनिधिमंडलों के भाग लेने की उम्मीद है। यह भारत के तहत आयोजित होने वाली दूसरी मंत्रिस्तरीय बैठक होगीकी अब तक की अध्यक्षता। पहली मंत्रिस्तरीय बैठक, वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक के गवर्नर, बेंगलुरु में आयोजित की गई। बैठक के लिए कनाडा, अर्जेंटीना, नीदरलैंड, सिंगापुर और बांग्लादेश के विदेश मंत्री भी दिल्ली पहुंच चुके हैं। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि यह किसी भी टी20 राष्ट्रपति पद द्वारा आयोजित विदेश मंत्रियों की सबसे बड़ी सभा में से एक है। भारत की उ20 अध्यक्षता का विषय वसुधैव कुटुम्बकम के रूप में बार-बार प्रतिपादित किया गया है, मोटे तौर पर एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य में अनुवाद किया गया है। भारत के लिए , उ20प्रेसीडेंसी अमृत काल की शुरुआत का भी प्रतीक है, जो मानव-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ एक भविष्यवादी, समृद्ध, समावेशी और विकसित समाज की ओर हमारी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर ले जाएगा। क्वात्रा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, इस भावना ने हमें इस साल की शुरुआत में जनवरी में वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट आयोजित करने के लिए प्रेरित किया, जिसमें 125 से अधिक देशों की भागीदारी देखी गई।

## विकसित भारत के लिए जरूरी हैं सुनियोजित शहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहरी नियोजन में बरती गई कोताही पर चिंता जताते हुए कहा 'आजादी के बाद देश में इक्का-



दुक्का शहर ही नियोजित तरीके से बसाए गए। यह देश का दुर्भाग्य है। आजादी के 75 वर्षों में 75 नए और बड़े नियोजित शहर बसाए गए होते तो आज भारत की तस्वीर कुछ और ही होती।प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को शहरी नियोजन, विकास और स्वच्छता पर केंद्रीय बजट के बाद आयोजित वेबिनार में बोल रहे थे। उन्होंने कहा विकसित भारत के लिए नए शहरों की स्थापना देश की अनिवार्यता होने वाली है। आम बजट में शहरी विकास को उच्च प्राथमिकता का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में शहरी विकास के दो प्रमुख पक्ष नए शहरों का विकास और पुराने शहरों में पुरानी व्यवस्थाओं का आधुनिकीकरण है। उन्होंने कहा कि इससे देश में व्यवस्थित शहरीकरण की शुरुआत होगी।वेबिनार में हिस्सा लेने वाले विशेषज्ञों से उन्होंने कहा कि शहरी विकास में शहरी नियोजन और शहरी गवर्नेंस की बड़ी भूमिका होती है। शहरों की खराब प्लानिंग या प्लान बनाने के बाद उसका सही क्रियान्वयन न होना विकास यात्रा की सबसे बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री मोदी ने वेबिनार में तीन प्रमुख मुद्दों पर फोकस करने की बात कही। इनमे अर्बन प्लानिंग इकोसिस्टम को मजबूत बनाने के साथ इसमें प्राइवेट सेक्टर की विशेषज्ञता का सही इस्तेमाल और अर्बन प्लानिंग को नई ऊंचाइयों पर ले जाना शामिल है।उन्होंने राज्य सरकारों और शहरी निकायों को आगाह करते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने में योगदान देने के लिए उन्हें सुनियोजित शहरी विकास करना होगा।

## मेघालय और नगालैंड विधानसभा चुनाव के नतीजे आज, किसके सिर सजेगा ताज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के विधानसभा चुनाव के परिणाम गुरुवार को आने हैं। तीनों राज्यों में विधानसभा की 60-60 सीटें हैं। यहां भाजपा, कांग्रेस एवं वामदलों समेत कई क्षेत्रीय दलों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। ममता बनर्जी की मेहनत की भी परीक्षा होनी है। बंगाल से बाहर निकल कर ममता ने मेघालय में तृणमूल कांग्रेस के लिए काफी पसीना बहाया है। सबसे ज्यादा त्रिपुरा के परिणाम की प्रतीक्षा है, जहां पिछली बार भाजपा ने माकपा को सत्ता से बाहर कर अपनी सरकार बनाई थी। मेघालय एवं नगालैंड में भी भाजपा सरकार की सहयोगी थी। त्रिपुरा में 16 फरवरी को चुनाव हुए थे। शेष दो राज्यों में 27 फरवरी को वोट पड़े थे। एग्जिट पोल के आंकड़े बता रहे हैं कि त्रिपुरा एवं नगालैंड में एनडीए की सरकार बन सकती है। मेघालय को लेकर आंकड़े स्पष्ट नहीं हैं। यहां त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति हो सकती है। त्रिपुरा को वैचारिक संघर्ष का धरातल माना जा रहा है, जहां वामदलों ने भाजपा का सामना करने के लिए अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के साथ तालमेल किया है। यहां किसी भी खेमे की जीत या हार का संदेश राष्ट्रीय स्तर पर जाएगा। त्रिपुरा में पिछली



बार आदिवासी वोटों के समर्थन के सहारे भाजपा ने इंडिजेनस पीपुल्स फ्रंट आफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) के साथ मिलकर वामदलों को सत्ता से बाहर किया था। किंतु इस बार भाजपा के रास्ते में त्रिपुरा राजघराने के प्रद्योत देबबर्मा ने टिपरा मोथा नाम से एक नई पार्टी बनाकर मुश्किलें खड़ी करने का प्रयास किया है। 2018 में भाजपा ने 36 और आईपीएफटी ने आठ सीटें जीती थीं। परिणाम से यह भी साफ हो जाएगा कि इस बार आदिवासी वोटरों पर किसकी अधिक पकड़ है। मेघालय और नगालैंड की स्थिति त्रिपुरा से थोड़ी अलग है। यहां क्षेत्रीय दलों का ही बोलबाला रहा है। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेते कई बड़े नेताओं के साथ पैठ बढ़ाने के लिए काफी संघर्ष किया है। मेघालय में पांच वर्ष पहले भाजपा को दो सीटों पर जीत मिली थी। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीटी) की सरकार में शामिल भाजपा ने इस बार गठबंधन तोड़कर राज्य की सभी 60 सीटों पर अपना प्रत्याशी उतारा है। देखना होगा कि उसे किस सीमा तक सफलता मिलती है। पिछली बार कांग्रेस को 21 सीटें मिली थीं। इस बार सीटें अनुमान से कम मिल सकती हैं। हालांकि, एग्जिट पोल के अनुमान में मेघालय में किसी दल को बहुमत मिलता नहीं दिख रहा है।ऐसे में यहां गठबंधन सरकार की ही उम्मीद है। नगालैंड में 59 सीटों पर मतदान हुए हैं। एक सीट पर पहले निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) की सरकार में शामिल भाजपा इस बार भी गठबंधन कर लड़ रही है।

## साथी दलों के दबाव के बावजूद सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ मुखर होने से परहेज कर रही कांग्रेस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई द्वारा की गई गिरफ्तारी ने विपक्षी राजनीति के अंदरूनी समीकरणों को भी हिला दिया है।



विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस सिसोदिया की गिरफ्तारी का सीधे मुखर रूप से विरोध करने से परहेज कर रही है और उसका यह रुख राजद, जदयू, झामुमो, शिवसेना जैसे उसके सहयोगी दलों को नागवार लग रहा है। वहीं बाहर रहते हुए भी विपक्षी खेमे की राजनीति करने वाली समाजवादी पार्टी भी सिसोदिया पर कांग्रेस की रणनीतिक चुप्पी से सहमत नहीं है। राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता की दीर्घकालिक रणनीति के लिए इन तमाम दलों की ओर से इस मामले में कांग्रेस पर मुखर होने का दबाव है। विपक्षी खेमे में शामिल इन प्रमुख दलों के दबाव के बावजूद आम आदमी पार्टी और उसके नेता के बचाव में सीधे उतरना कांग्रेस के लिए दोहरी दुविधा की स्थिति है। यही कारण है कि विपक्षी खेमे के सहयोगी दलों के दबाव में सिसोदिया की गिरफ्तारी के दो दिन बाद कांग्रेस ने ईडी-सीबीआई-इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों का मोदी सरकार में विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए दुरूपयोग किए जाने का चाहे बयान जारी किया, मगर इसमें सिसोदिया प्रकरण का कोई जिक्र नहीं कियादरअसल, दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी के चलते ही कांग्रेस की राजनीतिक जमीन ध्वस्त हुई है। इतना ही नहीं गोवा से लेकर गुजरात तक के चुनाव में जहां भी आप पहुंच रही है, वहां कांग्रेस को ही सीधे नुकसान पहुंचा रही है।

## त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में बीपी से हाथ मिलाएगी एनपीपी सरमा से मिले कोनराड संगमा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**शिलान्ग।** मेघालय के एग्जिट पोल के नतीजे जारी होने के बाद कई नेताओं के दिल की धड़कनें तेज हो गई हैं। एग्जिट पोल में मेघालय में त्रिशंकु विधानसभा के आसार



जताए गए हैं। ऐसे में सभी दल अपनी-अपनी गोटियां सेट करने में लगे हुए हैं मेघालय के सीएम कोनराड संगमा की पार्टी एनपीपी सत्ता वापसी की कोशिश में है। हालांकि, एग्जिट पोल के अनुमान के मुताबिक, इस बार किसी भी दल को पूर्ण बहुमत मिलता नहीं दिख रहा है। एग्जिट पोल में एनपीपी को सबसे ज्यादा सीटें मिलती दिख रही हैं। पूर्ण बहुमत ना मिलने की स्थिति में एनपीपी एक बार फिर भाजपा के साथ गठबंधन कर सकती है। सीएम कोनराड संगमा ने इसके संकेत दिए हैं दरअसल, कोनराड संगमा ने असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की है। सूत्रों ने बताया कि कोनराड ने मतगणना से ठीक पहले सरमा से गुवाहाटी में मुलाकात की है। ये मुलाकात एक होटल में हुई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों नेताओं के बीच मेघालय विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर बातचीत हुई है बता दें कि भाजपा और एनपीपी ने पिछले पांच वर्षों से एनपीपी के नेतृत्व वाले मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस (एमडीए) के रूप में सरकार चलाई। हालांकि, चुनाव से कुछ महीनों पहले दोनों दल अलग हो गए और अकेले चुनाव लड़ासरमा ने दावा किया है कि मेघालय में त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति नहीं होगी। उन्होंने दावा किया है कि त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। मेघालय का एग्जिट पोल जी न्यूज-मैट्रिज के एग्जिट पोल के अनुसार, मेघालय में एनपीपी को 21-26 सीटें, बीजेपी को 6-11 सीटें, टीएमसी को 8-13 सीटें, कांग्रेस को 3-6 सीटें मिलती दिख रही हैं।

## सिटी में स्थापित होंगे दो ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को घोषणा की है कि दो ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय - वोलोंगोंग और डीकिन - जल्द ही गुजरात के 'गिफ्ट सिटी' में कैंपस स्थापित होंगे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस की पहली भारत यात्रा के दौरान अगले सप्ताह दोनों विश्वविद्यालय अपने परिसरों की स्थापना पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। धर्मेंद्र प्रधान ने दिल्ली विश्वविद्यालय वेंकटेश्वर कॉलेज में एक कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर की मेजबानी की गई, जो देश की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा कि दो ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय गुजरात में गिफ्ट सिटी में कैंपस स्थापित करेंगे। हम युवाओं के लिए शिक्षा की पहुंच, सामर्थ्य और गुणवत्ता के साथ ऑस्ट्रेलिया के साथ साझेदारी करना चाहते हैं। दो विश्वविद्यालय डीकिन विश्वविद्यालय और वोलोंगोंग विश्वविद्यालय हैं। ऑस्ट्रेलियाई मंत्री ने यह भी घोषणा की है कि वोलोंगोंग विश्वविद्यालय के वैश्विक ब्रांड एंबेसडर पूर्व क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट भारत में विश्वविद्यालय परिसर स्थापित करने में मदद करेंगे।

## केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बोले- गुजरात में ऑस्ट्रेलिया के दो शीर्ष विश्वविद्यालय जल्द खोलेंगे कैंपस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** शिक्षा के क्षेत्र में भारत और ऑस्ट्रेलिया ने एक बड़ी साझेदारी की ओर कदम बढ़ाया



है। जिसके तहत ऑस्ट्रेलिया के दो शीर्ष विश्वविद्यालय जल्द ही देश में अपना कैंपस खोलेंगे। इनमें क्यूएस रैंकिंग में 266 स्थान रखने वाला डेकिन विश्वविद्यालय और वहां के टॉप-10 विश्वविद्यालयों में शामिल वोलोंगोंग विश्वविद्यालय शामिल है। बता दें कि, दोनों ही विश्वविद्यालय अपने कैंपस गुजरात के गिफ्ट सिटी (गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंशियल टेक-सिटी) में खोलेंगे। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच गुरुवार को शिक्षा से जुड़े करीब दस अन्य प्रमुख समझौतों पर ही हस्ताक्षर होंगे। इनमें दोनों के ही स्किल और एकेडमिक कोर्सों को मान्यता देना भी शामिल है। भारत दौरे पर आए ऑस्ट्रेलियाई शिक्षा मंत्री जैसन क्लेयर और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बीच इस दौरान बुधवार को शिक्षा से जुड़े संबंधों को मजबूती देने को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक भी हुई। जिसमें कैंपस खोलने सहित ज्वाइंट डिग्री कोर्स शुरू करने आदि मुद्दों पर लंबी चर्चा हुई। इसके अलावा दोनों देशों के शिक्षा मंत्रियों ने दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री वेंकटेश्वर कालेज में एक कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधान ने देश में जल्द ही दो ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों के कैंपस खोलने की जानकारी दी माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के इन दोनों ही विश्वविद्यालयों के देश में कैंपस खोलने का अधिकारिक ऐलान अगले हफ्ते भारत के दौरे पर आ रहे ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री की अहमदाबाद यात्रा के दौरान होगा। धर्मेंद्र प्रधान ने इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के साथ मजबूत शैक्षणिक साझेदारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों ही देश ने वसुधैव कुटुंबकम यानी एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य को लेकर आगे बढ़ने का फैसला लिया है। दोनों के बीच शिक्षा से जुड़े क्षेत्र में बेहतर सहयोग को लेकर सहमति बनी है। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री क्लेयर ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भारत जब शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़े बदलाव की ओर से तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में वह भारत को हर तरीके का सहयोग देने को तैयार है। खासकर 2035 तक उनका उच्च शिक्षा व स्किल से देश की पचास प्रतिशत से ज्यादा आबादी को जोड़ने का जो लक्ष्य रखा है, उसे हासिल करने के लिए वह हर तरीके का सहयोग देने को तैयार है। भारत दौरे पर आए ऑस्ट्रेलियाई शिक्षा मंत्री जैसन क्लेयर ने इस दौरान स्कूलों का दौरा किया और बच्चों के साथ बातचीत भी की। उन्होंने इस दौरान स्कूलों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अमल की तैयारियों को भी देखा।

## उमेश पाल हत्याकांड में घायल दूसरे गनर की मौत



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उमेशज्पाल हत्यकांड में घायल दूसरे सिपाही राघवेंद्र की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। उमेश पाल को बचाने में एक सिपाही संजयज्निषाद की मौके पर ही मौत हो चुकी है। बता दें कि कांस्टेबल राघवेंद्र को गोलीबारी और बमबाजी की वजह से गहरी चोटें आई थीं। स्वरूप रानी अस्पताल में ऑपरेशन कर तीनों गोलियों को निकाल दिया गया था। लेकिन होश में नहीं लाया जा सका। जिसके बाद राघवेंद्र को इलाज के लिए प्रयागराज से लखनऊ एसजीपीजीआई के लिए रेफर किया गया था। जहां उनकी आज शाम को मौत हो गई।

## खड़ी डीसीएम में अनियंत्रित बस ने जोरदार टक्कर मार दी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** हंडिया कोतवाली क्षेत्र के बरौत चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रसार गांव के सामने खड़ी डीसीएम में अनियंत्रित बस ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें चालक की मौके पर मौत हो गई। जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची हंडिया पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊपरदहां भेजा। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया प्रयागराज से वाराणसी जाते समय रसार गांव के सामने तकनीकी खराबी के कारण एक डीसीएम ट्रक सड़क पर खड़ी थी। तभी अचानक से पीछे से यात्री भरकर जा रही एक बस डीसीएम में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बस के परखच्चे उड़ गए। बस के चालक सूरज रावत उम्र 30 वर्ष पुत्र कमल किशोर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सुमित चावला, शुभम सिंह, सुरेन, कोमल, अभिषेक रावत, आकाश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से सुमित और शुभम की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया ।




## नरेंद्र गिरि मौत मामले में आनंद गिरि को सुप्रीम कोर्ट से झटका, जमानत याचिका हुई खारिज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** नरेंद्रज्गिरि मौत मामले में आज सुप्रीम कोर्ट ने आनंद गिरि की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने की कोई वजह नहीं दिखती। अगर आगे परिस्थितियों में बदलाव होता है या उचित समय के लिए निचली अदालत के सामने रखे मामले में कोई प्रगति नहीं होती है, तो फिर याचिकाकर्ता जमानत के लिए अदालत आ सकता है। मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रख है। बता दें कि हाई कोर्ट ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार आनंद गिरी को जमानत देने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद आनंद गिरि ने हाई कोर्ट के 9 सितंबर, 2022 के जमानत खरिज करने के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दखिल किया था। 20 सितंबर 2021 को बाघंबरी गद्दी मठ में महंत नरेंद्र गिरि का शव पंखे से लटका मिला था। वहीं एक सुसाइड नोट बरामद हुआ था, जिसमें उन्होंने आनंद गिरी, आद्या तिवारी और संदीप तिवारी पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप भी लगाया गया था।



## पीवीआर ने लखनऊ में आईनॉक्स के साथ विलय के बाद 11-स्क्रीन वाले सबसे बड़े सिनेमा हॉल का किया शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।**के सबसे बड़े शॉपिंग मॉल लुलु मॉल के उत्तर में विलय की गयी कंपनी की 100वीं प्रोपर्टीज़ पीवीआर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री अजय बिजली तथा बॉलीवुड सुपरस्टार श्री रणबीर कपूर की उपस्थित में समारोह का शुभारंभ 24 फरवरी,2023 से जनता के लिए व्यावसायिक रूप से उद्घाटन लखनऊ,/ भारत की सबसे बड़ी और सबसे प्रीमियम सिनेमा प्रदर्शनी कंपनी पीवीआर लिमिटेड, आईनॉक्स लेजर लिमिटेड के साथ विलय के बाद, आज शहर के सबसे बड़े शॉपिंग मॉल लुलु मॉल में लखनऊ का सबसे बड़ा सिनेमा लॉन्च करने की घोषणा की। 11-स्क्रीन वाला यह सुपरप्लेक्स 32 प्रोपर्टीज़ में 158 स्क्रीन के साथ उत्तर प्रदेश में कंपनी की पकड़ को मजबूत बनायेगा तथा 100 प्रोपर्टीज़ में 438 स्क्रीन के साथ विलय की गयी इस इकाई की उत्तर भारत में उपस्थिति को मज़बूती देगा। राज्य की राजधानी लखनऊ के अत्याधुनिक अमर शहीद पथ के बगल में स्थित इस 11-स्क्रीन सुपरप्लेक्स को समकालीन शैली में बनाया गया है,जो कि लक्ज़री, ग्लैमर तथा समृद्धि को प्रतिबिंबित करता है। शहर के इस सबसे उन्नत सिनेमा हॉल में मल्टी-सेंसरी 4डीएक्स फॉर्मेट, प्रीमियम लार्ज स्क्रीन फॉर्मेट इर्ड्ैंथ्, पीवीआर के लग्ज़री फॉर्मेट के दो ऑडिटोरियम, र्थ्ड्ढ वाले 7 ऑडिटोरियम के साथ आखरि़ी पंक्ति का रिक्लाइनर भी शामिल हैं। 1841 दर्शकों के बैठने की क्षमता वाला यह सुपरप्लेक्स बेहतरीन सिनेमाई अहसास प्रदान करने वाले अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ थिएट्रिकल तकनीक से लैस है। इसमें एड्ड4ख् लेजर प्रोजेक्टर शामिल हैं, जो अल्ट्रा-हाई रेजोल्यूशन, शार्प एवं ब्राइट इमेज, उन्नत डॉल्बी एटमॉस सराउंड साउंड और ैथ् 3-33 डिजिटल स्टीरियोस्कोपिक प्रोजेक्शन प्रदान करते हैं। इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए पीवीआर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री अजय बिजली ने कहा, हम लुलु समूह के साथ फिर से साझेदारी करके लखनऊ में अपने इस 11-स्क्रीन सुपरप्लेक्स के उद्घाटन की घोषणा करते हुए बेहद खुश हैं, जो कि पीवीआर और आईनॉक्स के संयुक्त पोर्टफोलियो के तहत उत्तर की 100वीं प्रोपर्टीज है। देश में सर्वश्रेष्ठ सिनेमा प्रारूपों के कई विकल्पों की पेशकश करने वाले एक अग्रणी मल्टीप्लेक्स प्लेयर के रूप में हमें विश्वास है कि यह नया सिनेमा हॉल न केवल लखनऊ के लोगों के लिए, बल्कि आस -पास के नजदीकी शहरों तथा अंतरराष्ट्रीय आगंतुलकों के लिए भी घर से बाहर के मनोरंजन का पसंदीदा स्थल बन जायेगा। भारत का हृदय कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे, औद्योगिक गलियारों, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों, शैक्षिक एवं चिकित्सा उत्कृष्टता के केंद्रों के अपने नेटवर्क के साथ देश की अर्थव्यवस्था के चालक के रूप में उभर रहा है। इस राज्य ने भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है और फिल्म उद्योग को कई प्रसिद्ध फिल्म निर्माता, निर्देशक, कलाकार, गीतकार, संगीतकार तथा कहानी/पटकथा लेखक दिए हैं। उत्तर प्रदेश उन फ़िल्मों के लिए एक आशाजनक गंतव्य भी है, जो विषय-संचालित सिनेमा पर ज़ोर देता है। शुभारंभ पर टिप्पणी करते हुए पीवीआर लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक, श्री संजीव कुमार बिजली ने कहा, हम भारत में सबसे ज़्यादा आबादी तथा भारत में तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले राज्यों में से एक उत्तर प्रदेश की राजधानी में अपनी इस सबसे बड़ी प्रोपर्टीज़ के शुभारंभ को लेकर वास्तव में बेहद उत्साहित हैं। सक्रिय प्रशासन द्वारा सहायता प्राप्त इस राज्य की अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए यह मल्टीप्लेक्स के विस्तार के लिहाज़ से सबसे भरोसा पैदा करने वाले स्थलों में से एक को सामने रखता है। हम विश्व स्तरीय सिनेमा के साथ राज्य में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने को लेकर उत्साहित हैं। इस उद्घाटन के साथ विलय की गयी इकाई ने अपनी विकास की रफ़्तार को मज़बूती दी है तथा इस वित्तीय साल में 21 शहरों में 26 प्रोपर्टीज़ में 143 स्क्रीन की शुरुआत की है। पीवीआर लिमिटेड के बारे में पीवीआर लिमिटेड ने 06 फ़रवरी, 2023 को आईनॉक्स लीज़र लिमिटेड का विलय पूरा कर लिया। विलय की गयी यह इकाई भारत में 113 शहरों (भारत तथा श्रीलंका) के 356 प्रोपर्टीज़ में 1658 स्क्रीन के साथ फ़िल्म दिखाने वाली यह सबसे बड़ी कंपनी है। अपनी स्थापना के बाद से पीवीआर तथा आईनॉक्स दोनों फ़िल्म दिखाने वाले उद्योग में मानदंड स्थापित करने के इतिहास में अहम मील के पत्थर बन गए हैं तथा इसके साथ ही प्रतिष्ठित सिनेमा ब्रांड बन गए हैं। देश में घर से बाहर के मनोरंजन को बदलने की सामूहिक विरासत वाली विलय की गयी यह कंपनी बच्चों के अनुकूल ऑडिस, नवीनतम स्क्रीनिंग तकनीक, बेहतर ध्वनि प्रणाली, एफ़ एंड बी पेशकशों की विस्तृत श्रृंखला, प्रीमियम स्क्रीन श्रेणी में फ़िल्मी तथा ग़ैर-फ़िल्मी विषय-सामग्री तथा स्वरूपों की एक श्रृंखला प्रदान करती है।




## सरेंडर की फिराक में अतीक का बेटा असद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** पुलिस की 10 टीमें लगातार आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दे रही हैं। अतीक अहमद का बेटा असद कोर्ट में सरेंडर करने की फिराक में है। पिछले 2 दिनों से जिला कोर्ट इलाहाबाद में वकीलों की हड़ताल के चलते यहां सरेंडर नहीं कर सका। असद के कौशांबी या प्रयागराज जिला कोर्ट में भी सरेंडर करने की चर्चा हो रही है। पुलिस एनकाउंटर के डर से अतीक का बेटा असद सरेंडर करना चाहता है, लेकिन कोर्ट के आस-पास पुलिस और एसटीएफ की सतर्कता देख सरेंडर की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। बता दें कि शूटआउट में अतीक का बेटा असद भी शामिल था। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, यूपी एसटीएफ की एक टीम ने मेजा इलाके में देर रात छापेमारी की। छापेमारी में अतीक के गुर्गे गुलाम के करीबी को हिरासत में लिया गया है। एसटीएफ की टीम उससे पूछताछ में जुटी है। हिरासत में लिए गए युवक का नाम पप्पू है। पप्पू को एसटीएफ ने मेजा थाना क्षेत्र के लौटाढ़ गांव से पकड़ा है। पप्पू से गुलाम के लोकेशन की जानकारी ली गई है।



## शूटआउट:जहां-जहां साजिश वहां-वहां गरजेगा बुलडोजर,अतीक के करीबी जफर के घर पर गरजा बुलडोजर,शाइस्ता से यहीं मिले थे शूटर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** संगम नगरी में अधिवक्ता उमेश पाल हत्याकांड में पूर्व सांसद अतीक अहमद के करीबियों पर कार्रवाई शुरू हो गयी है।अतीक अहमद के करीबी बिल्डर और घर के बगल में रहने वाले खालिद जफर की अवैध संपत्ति पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण का बुलडोजर गरज रहा है।खालिद जफर के घर से दो विदेशी बंदूक और एक तलवार बरामद हुई है।बरहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दोनों बंदूक लाइसेंसी है या बिना लाइसेंसी है।चकिया में दो मंजिला इमारत में ही उमेश पाल की हत्या के बाद शूटर अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता से मिलने आए थे और मिलने के बाद फरार हो गए थे। बता दें कि उमेश पाल की हत्या के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में कहा था कि हम माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। उनके इस बयान का असर अब जमीन पर दिखाई देने लगा है। बुलडोजर की पहली कार्रवाई बिल्डर जफर के घर पर हुई है।बताया जा रहा है कि खालिद जफर ने उमेश पाल की हत्या करने वाले शूटर को थोड़ी देर के लिए पनाह दी थी। इससे जफर पुलिस के निशाने पर आया और आज उसके अवैध निर्माण को जमींदोज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि उमेश पाल और उनके सरकारी गनर की हत्या के बाद शूटर यहीं पर आए थे, जहां उनकी मुलाकात अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन से हुई थी और इसके बाद सभी शूटर यहीं से फरार हो गए थे,जिन्हें पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। एक तरफ जहां बुलडोजर गरज रहा है तो वहीं दूसरी तरफ आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस की एक टीम ने लखनऊ के महानगर में यूनिवर्सल अपार्टमेंट में पूर्व सांसद अतीक अहमद के फ्लैट पर छापा मारा।अतीक अहमद के फ्लैट 202 पर ताला लगा था। उमेश पाल की हत्या के बाद शूटरों के इसी अपार्टमेंट में रुकने की बात सामने आई थी।पुलिस ने इस दौरान पार्किंग में खड़ी अतीक अहमद की लैंड क्रूजर और मर्सिडीज कब्जे में ले लिया है।उमेश पाल की हत्या का मुख्य आरोपी असद अहमद है।असद को आखिरी बार हफ्ता भर पहले अपार्टमेंट में देखा गया था और उसके साथ रहने वाले लोग 24 तारीख की शाम से यहां से गायब है, अपार्टमेंट के आस पड़ोस के लोगों से असद और उनके किसी भी आदमी की कोई बातचीत नहीं थी।यह लोग यहां महीने में लगभग 15 दिन ही रहा करते थे।असद की तलाश में एसटीएफ जुटी है।पुलिस असद के परिचितों और मददगारों की कुंडली खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि एसटीएफ की टीम ने फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर से कुछ कागजात और सबूत लिए गए और उसके साथ ही नीचे खड़ी दो लग्जरी गाड़ियों को भी पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है।आरोपियों की तलाश में लखनऊ से लेकर प्रयागराज तक छापेमारी जारी है।इसके साथ ही आरोपियों के अवैध निर्माण पर भी बुलडोजर चलना शुरू हो गया है।



## बाजार पर चढ़ने लगा होली का रंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** महाशिवरात्रि के बाद बाजार पर अब होली का रंग चढ़ने लगा है। शहर का थोक बाजार सजकर तैयार है, लेकिन बाजार में रंग, गुलाल व पिचकारी के माल की कमी है। व्यापारियों का कहना है कि मांग बढ़ने के कारण ऐसा हो रहा है। पिछले साल का बचा माल भी बिक गया है। व्यापारियों का कहना है कि इस साल रंग, गुलाल, पिचकारी की मांग काफी अधिक है। मांग के सापेक्ष यहां उत्पादन कम है। इसलिए थोक बाजार में माल की कमी है। अमूमन रंगों का फुटकर बाजार होली से सप्ताह भर पहले लगता है। ऐसे में अभी थोक बाजार में रौनक है। लेकिन फुटकर बाजार की रौनक की अलग होती है। बाजार में माल की कमी होने से फुटकर व्यापारी भी परेशान हैं।होली पर बच्चों के लिए इस बार दो नए उत्पाद बाजार में आए हैं। जो बच्चों को खूब भा रहे हैं। गुलाल फायरों गन जिसे फायर करने पर बंदूक से गुलाल निकलता है। थोक बाजार में इसकी कीमत लगभग दो सौ रुपये से शुरु होकर पांच सौ रुपये तक है। वहीं बलून शूटर की कीमत लगभग चार सौ रुपये है।





# रेलवे चैंपियन खिलाड़ी रंजीत पटेल को महाप्रबंधक ने गोल्ड मेडल से नवाजा



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** नई दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया रेलवे मैराथन चैम्पियनशिप में 26 फरवरी 2023 को पूर्वोत्तर रेलवे के एथलीट रंजीत पटेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया।रंजीत पटेल की इस उपलब्धि पर पूर्वोत्तर रेलवे महाप्रबन्धक चन्द्र वीर रमण ने रंजीत पटेल को सम्मानित कर उत्साहबर्धन किया। इस दौरान ऑल इंडिया रेलवे मैराथन चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुये रंजीत पटेल ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। रंजीत पटेल पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत है। श्री पटेल की इस उपलब्धि से पूर्वोत्तर रेलवे गौरवान्वित हुआ है। इस आशय की जानकारी पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी गोरखपुर ने दी।

# फर्जीवाड़े के बूते एसटीएफ ने संतुष्टि आयुर्वेदिक हॉस्पिटल की एमडी डॉ0 ऋतु गर्ग को किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** उत्तर-प्रदेश की एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए यूपी के संतुष्टि आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल मिर्जापुर की डायरेक्टर डॉ0 ऋतु गर्ग का गिरफ्तार किया है। यूपी एसटीएफ ने डॉ0 ऋतु गर्ग को आयुष कॉलेज में एडमिशन के फर्जीवाड़े के मामले में 13 मार्च तक जेल भेज दिया है। बता दें कि डॉ0 ऋतु गर्ग डॉक्टर संजय गर्ग की पत्नी हैं।डॉ0 ऋतु गर्ग को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम विशेष न्यायालय रमाकांत प्रसाद की अदालत में पेश किया गया। जहां उन्हें 13 मार्च तक के लिए जेल भेजा गया। सरकारी वकील नीरज कुमार श्रीवास्तव ने अपने बयान में कहा कि डॉ0 ऋतु गर्ग को बिना नीट परीक्षा के आयुष कॉलेजों में गलत तरीके से 982 छात्रों को प्रवेश दिलाने के मामले में जेल भेजा गया है। उनके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं, जिसके बाद ये कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के बाद मिर्जापुर से वाराणसी तक हड़कंप सरकारी वकील का दावा है कि डॉ0 ऋतु गर्ग के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं,जिसके बाद यूपी एसटीएफ ने उन्हें गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश किया। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें 13 मार्च तक के लिए जेल भेजने का आदेश दिया है। बता दें कि डॉ0 ऋतु गर्ग वाराणसी के जाने-माने डॉक्टर संजय की पत्नी हैं। एसटीएफ की इस कार्रवाई से मिर्जापुर समेत वाराणसी में हड़कंप है।



# एसटीएफ की पूछताछ में खुल रहे अतीक को फंडिंग देने के राज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में अतीक अहमद के करीबियों से पूछताछ में गैंग को फंडिंग के राज खुल रहे हैं। कई कारोबारी अतीक को रुपये की मदद पहुंचाने में फंस रहे हैं। उमेश पाल की हत्या में इस्तेमाल क्रेटा कार के मामले में हिरासत में लिए गए ईटऑन रेस्टोरेंट के संचालक नफीस से बुधवार को भी पूछताछ जारी रही। पुलिस अफसरों के अलावा एसटीएफ ने भी नफीस से लंबी पूछताछ की। बिरयानी रेस्टोरेंट चलाने वाले नफीस से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके कई करीबियों के यहां छापेमारी की। नफीस के बैंक खातों के साथ ही अन्य कई के बैंक एकाउंट की जांच शुरू हो गई है। आरोप है कि नफीस अतीक अहमद और अशरफ को फंडिंग करता था। एसटीएफ को कई और ऐसे कारोबारियों के बारे में पता चला है जो अतीक के परिवार को फंडिंग कर रहे थे। असल में उमेश पाल की हत्या में इस्तेमाल कार रुखसार के नाम पर ली गई थी। कार के बारे में जानकारी मिलने के बाद ही एसटीएफ ने रेस्टोरेंट संचालक नफीस अहमद को पकड़ लिया था। नफीस पहले अतीक करीबियों की सूची में शुमार रहा है।






# बड़ा कठिन है डगर आखिरकार ग्रामीणों का रास्ता कब होंगे गड्ढा मुक्त जर्जर सड़कों पर पैदल बच्चे स्कूल जाने को विवश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हरहुआ/वाराणसी।** एक तरफ सुबे के मुख्यमंत्री गड्ढा मुक्त सड़क बनाना चाहते हैं। तो दूसरी तरफ़ उन्हीं के अधिकारी व जनप्रतिनिधि उस पर पलीता लगा रहे हैं नहीं हो पाया गड्ढा मुक्त सड़क जर्जर सड़कों पर चलने को ग्रामीण बेबस स्कूली बच्चे को भी दिक्कत। विकासखंड के अंतर्गत कोईराजपुर स्थित बैराजपुर गांव सत्य साईं कुटिया मार्ग तथा ग्रामीणों को आवागमन का रास्ता जो लगभग बीस वर्ष पूर्व बना रास्ता जो अब पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है यानी दोनों तरफ रास्ते पानी तथा आवागमन की दबाव से जर्जर होकर गिर गया है ना ही इसका कभी सर्विस किया गया ना ही कभी इस पर मिट्टी डाली गई। जिसकी वजह से रास्ता पूरी तरह ध्वस्त हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह रास्ता जो जिला पंचायत निधि से बना था। आलम यह है कि अब इस रास्ते पर ग्रामीणों का आना जाना दूर भर हो गया है आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती है । ग्रामीणों ने बताया कि रास्ता ध्वस्त व खऱाब होने कि वजह से बड़ी गाड़ियों यानी चार पहिया वाहन व स्कूल बस नहीं आ पाती है। जिससे मंदिर पर आने जाने के वाले श्रद्धांजलि तथा ग्रामीणों व बच्चे पैदल जाने को विवश हैं जबकि इस रास्ते से हजारों लोगों का आवागमन प्रतिदिन है।लेकिन इस रास्ता काई सूध लेने वाला नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि रास्ता बनवाने के लिए जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया था।लेकिन आज तक किसी ने सूध नहीं लिया। किसी न किसी दिन बड़े हादसा होने का इंतजार कर रहा है सत्य साईं कुटिया मार्ग का रास्ता। ग्रामीणों ने बताया यदि बड़ा हादसा हुआ तो इसकी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि वह अधिकारी होंगे।



# अतीक गैंग के करीबी सफदर अली का मकान हुआ जमींदोज, उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों को दी थी पनाह



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के चकिया इलाके में स्थित सफदर अली का मकान पुलिस और प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को जमींदोज कर दिया। आरोप है की उमेश पाल हत्याकांड में सफदर अली ने भी आरोपियों की मदद की थी। इस मामले में कल ही खालिद जफर का मकान भी ध्वस्त किया गया था। अतीक अहमद के करीबी सफदर अली को मकान के ध्वतीकरण के संबंध में पीडीए ने नोटिस भी दे दिया था। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से पहले मौके पर भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। जहां पर कार्रवाई हुई उस रास्ते को पुलिस ने बंद कर दिया था। आरएएफ की टुकड़ी भी तैनात की गई है।

# अशरफ़ की पत्नी ज़ैनब के पिता ने कोर्ट में दी अर्ज़ी





**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी और अतीक़ अहमद के छोटे भाई अशरफ की पत्नी ज़ैनब फातिमा उर्फ रूबी के पिता मंसूर अहमद की तरफ़ से सीजेएम कोर्ट में आज अर्जी दाखिल करके धूमनगंज और पूरामुफ्ती थाने की पुलिस पर 28 फरवरी की रात 3 बजे ज़ैनब और उसकी की 14 वर्षीय बेटी नूरी को अवैध रूप से हिरासत में लेने का आरोप लगाया गया है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि आधी रात को पुलिस द्वारा हटावा स्थित उनके घर पर दबिश दी गई और लोगों की छाती पर बंदूक़ रख कर उन्हें धमकाया गया। अर्जी में धूमनगंज और पूरामुफ्ती थाने की पुलिस से आख्या ( रिपोर्ट) माँगवाने का किया गया है अनुरोध। सीजेएम प्रयागराज की कोर्ट 2 बजे करेगी मामले की सुनवाई। सीजेएम प्रयागराज की कोर्ट 2 बजे करेगी मामले की सुनवाई।

100% Placement

15% Fee Concession

सीधे प्रवेश

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

(पहले आओ पहले पाओ)

- प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
- हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
- डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
- फायर सेफ्टी — सीसीए
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
- सीएनसी प्रोग्रामिंग — बेसिक कम्प्युटर
- इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0

8081180306 , 9415608710 , 8103021873

⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# भाजपा ने अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष को पद से हटाया



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उमेश पाल शूटआउट केस में नाम आने पर भाजपा ने अपने पार्टी पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की है। पार्टी ने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष राहिल हसन को पद से हटा दिया है प्रयागराज में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की पूरी कमेटी को ही भंग कर दिया गया है अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष राहिल हसन के भाई मोहम्मद गुलाम के खिलाफ उमेश पाल शूटआउट केस में नामजद एफआईआर दर्ज है। इस मामले में गुलाम को शूटर बताया जा रहा है और वह वारदात के बाद से ही लगातार फरार चल रहा है। पुलिस ने राहिल हसन को हिरासत में ले रखा है वह पिछले कई दिनों से जांच एजेंसियों की कस्टडी में है। सोशल मीडिया पर लगातार हो रही किरकिरी के बाद भाजपा ने यह फैसला लिया है। महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने पूरी कमेटी को भंग किए जाने की जानकारी दी है।

# ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर मौके पर एक सिपाही की मौत एक गम्भीर रूप से घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चोपन।** सोनभद्र चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत बग्घा नाला के समीप आज बुधवार शाम लगभग 5:30 बजे रावटसगंज के तरफ से डाला के तरफ जा रहे बाइक सवार घायल को इलाज के लिए चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया जहां एक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार देवेंद्र पुत्र नथुनी राम पहुंचे कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को अपने चपेट में ले लिया जिसमें कांस्टेबल की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पीछे बैठा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलते ही मौके पर चोपन



कांस्टेबल तथा बभनी निवासी एक व्यक्ति को ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया ट्रक की टक्कर से एक सिपाही की घटनास्थल पर ही मौत हो गई पीछे बैठा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने चोपन थाना को दे दिया मौके पर पहुंचे चोपन थाना निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत अपने दल बल के साथ तत्काल उम्र 38 वर्ष निवासी साइड पुलिस चौकी के पास गाजीपुर व वर्तमान में बनी थाने में कांस्टेबल के पद पर तैनात रहे दुसरा अनिल कुमार जायसवाल पुत्र बैजनाथ प्रसाद उम्र 59 वर्ष कांस्टेबल के साथ मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे थे दोनों लोग किसी कारण वंश रावटसगंज गए थे वहा से वापस जा रहे हैं कि जैसे ही वह बग्घा नाला के पास थाना निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत डाला चौकी इंचार्ज अरविंद गुप्ता ने तत्काल कास्टेबल का शव को कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही में जुड़ गए और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया दोनों लोगों के परिजनों को सूचना दे दी गई है चोपन पुलिस ने ट्रक बाइक को अपने कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुड़ गई।

# एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर में अभिनंदन समारोह आयोजित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर से फरवरी-2023 माह में सेवानिवृत्त हुए एनटीपीसी कर्मियों के सम्मान में दिनांक 28.02.2023 को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनटीपीसी गीत से हुई। श्री राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली एवं श्री सतीश कुमार गुजरानिया, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों-श्री राम बिचार (ईंधन प्रबंधन विभाग), श्री राम लोचन (बीएमडी विभाग) को पुष्पगुच्छ एवं फूल माला से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर श्री राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली ने निष्ठा एवं समर्पण भाव से सेवा प्रदान करने हेतु सेवानिवृत्त कर्मचारी गण के प्रति आभार प्रकट किया तथा उन्हें पूर्ण लगन एवं कर्मठता के साथ स्वस्थ एवं मंगलमय जीवनयापन व्यतीत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारी गण के एनटीपीसी में उत्कृष्ट योगदान में सहयोग एवं समर्पण प्रदान हेतु सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिवार जनों के प्रति सादर धन्यवाद प्रेषित किया। श्री सतीश कुमार गुजरानिया, महाप्रबंधक (प्रचालन व अनुरक्षण) ने अपने उद्बोधन में सिंगरौली स्टेशन की उपलब्धियों के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारियों के योगदान हेतु उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया, उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से स्वस्थ रहने और सामाजिक कार्यों में अधिक योगदान देने का भी आग्रह किया। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा अभिनंदन समारोह में सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों श्री राम बिचार, श्री राम लोचन द्वारा एनटीपीसी के अपने अनुभव से उपस्थित जनों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर श्री एल के बेहरा, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), डॉ एस के खरे, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) श्री प्रबोध कुमार, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन), श्री अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (मैंटेनेंस), श्री देबब्रत कर, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं), श्री जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (ऐश डाइक प्रबंधन), अन्य सभी एनटीपीसी के विभाग प्रमुख, एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के मानद प्रतिनिधिगण, सेवानिवृत्तकर्मियों के आदरणीय परिवार के सदस्य उपस्थित रहें।श्री रजनीश कुमार खेतान, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# अनियंत्रित होकर कार पलटा कार सवार दो घायल



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला/सोनभद्र।** स्थानीय चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत जवाडी डाड से गुरमुरा के बीच चोपन के तरफ से जा रही बैगनार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए पलट गई जिसमें दो कार सवार घायल हो गया। बृहस्पतिवार के लगभग 3:30 मिनट पर भोर में चोपन थाना क्षेत्र के जवाडी डांड से गुरमुरा के बीच चोपन के तरफ से सिंगरौली जा रही बैगनार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार करते हुए दुसरे साईड जाकर पलट गई जिसमें गंभीर रूप से घायल शिवेंद्र कुमार पुत्र राधामोहन, निवासी सिंगरौली एमपी हो गया मनोज कुमार पुत्र पुष्पेन्द्र निवासी सिंगरौली एमपी को हल्के फुल्के चोट आई बताया जा रहा है वहीं सूचना पाकर मौके पहुंची डायल 112 चोपन पीआरवी ने एम्बुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन भेजवाया गया।

# शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अर्पित की गयी श्रद्धांजलि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चोपन।** दिवंगत मुख्य आरक्षी देवेन्द्र कुमार को पुलिस लाइन चुर्क में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र व अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा राजकीय सम्मान के साथ शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अर्पित की गयी श्रद्धांजलि मिली जानकारी के मुताबिक मुख्य आरक्षी देवेन्द्र कुमार (पीएनओ- 112702292) थाना बभनी पर नियुक्त थे । जो कल दिनांक-01.03.2023 को समय लगभग 17.00 बजे चोपन थाना क्षेत्र के बग्गा नाला पेट्रोल पंप के करीब मृतक बाइक सवार मुख्य आरक्षी देवेन्द्र कुमार को पिछे से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दिया था जिसके उपरांत इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया जहॉ पर इलाज के दौरान उनका मृत्यु हो गई ।मुख्य आरक्षी देवेन्द्र कुमार अपनी ड्यूटी के प्रति संवेदनशील एवं समर्पित थे । जिनका असामयिक निधन हम सबके लिए अपूर्णिय क्षति है । पुलिस बल दिवंगत आत्मा को श्राद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता है कि वो इस कठिन समय में शोक संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति प्रदान करें तथा दिवंगत आत्मा को शांति दें ।



# दिशिता महिला बाल मंदिर का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनपरा/सोनभद्र।** हिण्डालको रेनूसागर स्थित दिशिता महिला मण्डल रेनूसागर द्वारा संचालित दिशिता बाल मंदिर का



वार्षिकोत्सव स्थानीय प्रक्षागृह में बड़े ही धूम धाम के साथ सम्पन्न हुआ जिसका थीम उड़ान था। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि रेनूसागर पावर डिवीजन के अध्यक्ष उर्जा के. पी. यादव एवं दिशिता महिला मण्डल की अध्यक्षा इन्दू यादव के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में कहा कि बच्चे कल के भविष्य हैं बच्चो के सर्वांगीण विकास में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, दिषिता बाल मंदिर की अध्यापिकाओं द्वारा इनका भरपूर विकास किया जा रहा है जो कि प्रसंशनीय हैं। मैं बाल मंदिर की पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं देते हुए इन नन्हे मुन्नों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। कार्यक्रम का शुभारम्भ राधा कृष्णा बन्दना से हुआ , तत्पश्चात नन्हे मुन्ने बच्चो द्वारा कौव्वाली , इंग्लिश सांग , हिंदी नाटक व फ़िल्मी डांस, आदि बहुत ही मनोहारी प्रस्तुति की जिसे देखकर उपस्थित लोग भावविभोर हो गये उनकी तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा प्रेक्षागृह गुजांयमान हो गया। कार्यक्रम समापन से पूर्व दिशिता बाल मंदिर की अध्यापिका सीमा श्रीवास्तवा ने दिशिता बाल मंदिर की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर विद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल मैनेजर तपस्वनी नायक एवं समापन सीमा मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजय सिंह , गुलसन तिवारी व अन्य के अलावा दिशिता महिला मण्डल की वरिष्ठ सदस्याएं उपस्थित थीं।

# बिना वैल्यूज के जीवन की परिकल्पना मुश्किल शैलेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडालको रेनूसागर पावर डिवीजन रेणुसागर परिसर स्थित प्रेक्षागृह में वैल्यूज बूटकैंप समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मानव संसाधन प्रमुख शैलेश विक्रम सिंह व वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात राहुल त्रिपाठी ने उपस्थित सभी अधिकारियो,कर्मचारियों, शिक्षकों व गृहणियों का स्वागत किया। वैल्यूज विषय पर प्रेक्षागृह हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुंबई से आए प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता ऋषि नंदा ने भारतीय पौराणिक कथाओं और महाकाव्यों का उपयोग करते हुए एबीजी वैल्यू रीइन्फोर्समेंट बूटकैंप को खूबसूरती से प्रस्तुत किया तथा रामायण के किरदार राम ,सीता व हनुमान जी तथा महाभारत के अर्जुन भीम व अन्य पात्रों को चित्रांकित करते हुए वैल्यूज के बारे में विस्तृत रूप से सभागार में उपस्थित सभी लोगों को समझाया तथा कहा कि किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक करने के लिए आदित्य बिरला ग्रुप के पांचों वैल्यूज को अपनाकर कार्य को सफलतापूर्वक करते हुए संस्थान को ऊंचाइयों पर पहुंचा सकते हैं ऋषि नंदा ने बताया कि अनुशासन इमानदारी और कार्य करने की प्रबल इच्छा ही रामायण व महाभारत में सफलता का मूल मंत्र है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेश विक्रम सिंह ने वैल्यूज पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए अपने संबोधन में कहा कि बिना मूल्यों के जीवन की परिकल्पना भी मुश्किल है, हमारे संस्कार ही हमारे नैतिक मूल्यों का निर्धारण करते हैं हमें कार्यों में निष्ठा प्रतिबद्धता प्रबल इच्छा एकरूपता व गति के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए इसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति अपने कार्य करने के दौरान इन 5 मूल्यों को अपनाने से अपनी कार्यपद्धती को और भी बेहतर बना सकते हैं और अपने लक्ष्य को आसानी से पा सकते है। मुख्य अतिथि कार्यक्रम की सराहना करते हुए उपस्थित सभी लोगों को बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुदिप्ता नायक,परेश ढोले, मनु अरोरा,राजेश सैनी, ललित खुराना, समीर आनंद, मनीष सिंह,संजय श्रीमाली, सुबोध दवे,व विद्यालय के शिक्षकों के अलावा गृहणियों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

# ट्रेन की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत ट्रैक पार कर रहे थे दोनों बच्चे, मचा कोहराम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** थाना क्षेत्र के रेहड़ा पुल पुरानी केबिन के पास नई रेल मार्ग पर ट्रेन की चपेट में आने से दो मासूमों की कटकर दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दिया। आधे घंटे तक आरपीएफ और थाना पुलिस के बीच सीमा विवाद चलता रहा। आधे घंटे बाद विंध्याचल पुलिस



ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा विंध्याचल थाना क्षेत्र के रेहड़ा रेलवे पुल पुरानी केबिन के पास नई रेल मार्ग पर आर्यन वर्मा (8) पुत्र राजन वर्मा व राज सरोज (8) पुत्र चुल्ली सरोज निवासी छोटकी मऊहरिया पावर हाउस विंध्याचल रेलवे लाइन पार कर घर आ रहे थे। ट्रेन की चपेट में आने से दोनों बालकों की मौत हो गई।

# सर्वप्रथमठहम होंगे कामयाबठ इवेंन्ट का किया गया आयोजन- नीतू यति सिंह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** अंतर्गत दिनांक 2 मार्च 2023 को ठहम में है दमठअंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सप्ताह भर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में के आलोक मे जिलाधिकारी चन्द्र विजय




सिंह के निर्देश के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी राजेश कुमार खैरवार आदेशानुसार ङठहममें है दमठ (हम होंगे कामयाब) कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन लोढी के परीसर में आयोजित किया गया जिसमें समस्त विभागीय/ ग्रामीण महिलाओ के साथ मिलकर डिजिट शिक्षा के माध्यम से समाज की रुढ़िवादी से संधर्ष कर समाज में दुसरी महिलाओं के लिए प्रेरणा बन कर आगे बढ़ी है पर गोष्टी / संवाद का आयोजन किया गया।महिला शक्ति केन्द्र से महिला कल्याण अधिकारी नीतू सिंह व जिला समन्वय साधना मिश्रा, सीमा द्विवेदी द्वारा बताया गया की अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताहिक कार्यक्रम 01 मार्च से 08 मार्च 2023 की थीम ठडिजिटऑल (अर्ुीत्त्) लैंगिक समानता हेतु नवाचार और प्रौद्योगिकीठ।ठलैंगिक समानता और सभी महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण को प्राप्त करने के लिए डिजिटल युग में नवाचार,तकनीकी परिवर्तन और शिक्षा ठ की महत्वपूर्ण भूमिका है। वन स्टाप सेन्टर केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह ने कहा की नवाचार, प्रौद्योगिकी और डिजिटल शिक्षा हेतु लैंगिक-उत्तरदायी दृष्टिकोण महिलाओं और बालिकाओं में उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाया जाना आवश्यकता है, डिजिटल प्रौद्योगिकी मैं प्रगति,2030 हेतु लक्षित सतत विकास लक्ष्यो को प्राप्त करने के अपार अवसर भी प्रदान करती है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को एक पर्व के रूप में मना रहा है साथ ही मे जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिये जिला प्रोवेशन अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र बैठक भी आहूत की गयी जिसमे वन स्टाप सेन्टर ,महिला शक्ति केन्द्र, जिला बाल संरक्षण इकाई के टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# ब्लॉक बाल संरक्षण समिति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बैठक सम्पन्न- ए0के0 जौहरी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देश के क्रम में जिला प्रोवेशन अधिकारी राजेश कुमार खैरवार के आदेश पर विकास खण्ड चतरा में खण्ड विकास अधिकारी एद केद जौहरी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,महिला शक्ति केंद्र, बाल विवाह टास्क फोर्स की बैठक आहुत की गई ।बैठक की अध्यक्षता करते हुए खण्ड विकास अधिकारी ने बाल विवाह ,बाल श्रम ,बाल भिक्षावृत्ति ,बाल तस्करी, जैसे संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा का उनके रोकथाम हेतु रणनीति बनाई गई। जिसमे जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक द्वारा लावारिस परित्यक्त पाए गए नवजात शिशुओं के संरक्षण पर चर्चा कर उन्हे तत्काल एक उचित एवं सुरक्षात्मक माहौल देना और उनके बेहतर भविष्य के लिए सजग रहने की आवश्यकता है साथ ही अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिये ब्लाक स्तरीय कार्ययोजना बनाये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिससे बाल विवाह न हो यदि बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल कार्यवाही की जा सके। महिला शक्ति केंद्र से जिला समन्वयक साधना मिश्रा द्वारा बालिका एवं महिलाओं के प्रति भेदभाव व उन्मूलन पर विस्तृत चर्चा की गई और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत प्रत्येक प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर और ग्राम पंचायत में जन्मी नवजात बालिकाओं का केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया मनाकर उनके प्रोत्साहित किया जाए साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी गईं।

# जिलाधिकारी ने डायट परिसर में नवनिर्मित बालिका छात्रावास का किया औचक निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** डायट परिसर में निर्मित छात्रावास में रैन ,वाटर, हार्वेस्टींग सिस्टम की व्यवस्था की जाये वाले छात्राओं को हास्टल की सुविधा उपलब्ध कराने में प्राथमिकता दी जायेगी इस दौरान उन्होने कहा कि छात्रा आवास परिसर के अन्दर जाना सुनिश्चित किया जाये । इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, डायट प्राचार्य रवि शंकर मिश्र, जिला बेशिक शिक्षा बनायी गयी पेन्टींग को जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को डायट प्राचार्य द्वारा सप्रेम भेट की गयी। इस दौरान



सुनिश्चित-जिलाधिकारी हाई स्कूल व इण्टर मीडियट की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्राओं को हास्टल की सुविधा उपलब्ध कराने में दी जायेगी प्राथमिकता- जिलाधिकारीजिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह नें आज डायट परिसर में नव निर्मित बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होने हास्टल परिसर में छात्राओं को रहने के लिए दी जाने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और कहा कि हाई स्कूल व इण्टर मीडियट की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्राओं व मा0 मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना में प्रवेश लेने वाले दूर-दराज क्षेत्र के रहने खाली पड़े स्थानों पर हरी घास लगवाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किये। इसके पश्चात जिलाधिकारी महोदय ने डायट परिसर में प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राओं के लिए पुराने हो चुके हॉस्टल के मरम्मत कार्य का जायजा लिया इस दौरान उन्होंने आर0ई0डी0 विभाग के अवर अभियन्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि हॉस्टल के मरम्मत का कार्य मार्च महीने के अन्दर पूर्ण कर लिया जाये और मरम्मत का कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाये। इस दौरान उन्होने कहाकि रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार कर वाटर रिचार्ज का कार्य सुनिश्चित किया जाये बरसात के समय में इकठ्ठा होने वाले पानी वाटर रिचार्ज के माध्यम से संग्रहित किये अधिकारी हरिवंश कुमार, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 ए0के0 जौहरी, अपर जिला जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थान डायट परिसर रावर्टसगंज में जनपद स्तरीय अभिनव पर्व पर नवाचार एंव टी0एल0एम0 मेला तथा कला उत्सव का दीप प्रज्वलन व मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया इस दौरान डायट में प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राओं द्वारा मॉ सरस्वती का वन्दना एंव स्वागत गीत की सुन्दर प्रस्तुति की गयी इस दौरान डायट के छात्र-छात्राओं द्वारा जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के चित्र की जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने उपस्थित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अध्यापक का स्थान समाज में बहुत बड़ा होता है उनके द्वारा पढ़ाये गये छात्र-छात्रायें आगे चलकर देश की बड़ी-बड़ी सेवाओं मे सम्मलित होते है और देश का नाम रोशन करते है शिक्षक समाज का दर्पण होता है उन्होने कहा कि डायट परिसर में जो भी छात्र-छात्रायें प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है वह प्रशिक्षण को बेहतर तरीके से प्राप्त करें क्योंकि आगे चलकर वह विद्यालय में स्कूल के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ ही विद्यालय के प्रबन्धन का कार्य भी उनके माध्यम से संचालित किया जायेगा उन्होने कहा कि यहॉ पर विज्ञान, कला व बेशिक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में बच्चों को बेहतर तरीके से शिक्षा किस प्रकार से प्रदान की जा रही है इससे सम्बन्धित भी प्रदर्शनी लगायी गयी है जिसमें स्कूलों में बच्चों कों दी जा रही शिक्षा के सम्बन्ध में दर्शाया गया है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार अपने सम्बोधन में कहा कि डायट परिसर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भावी शिक्षक बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्कूल के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने का कार्य करें जिससे की बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर नई उचाईयों को प्राप्त कर सकें। इस दौरान जिलाधिकारी महोदय ने प्रदर्शनी के निरीक्षण के दौरान सूर्य देवता पर आधारित पेन्टींग को स्वयं से बनाकर अपना हस्ताक्षर भी किया, प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया की जिन ब्लाकों द्वारा विज्ञान पर आधारित शिक्षा, खेलो और पढ़ों पर आधारित प्रदर्शनी लगायी गयी है और बेहतर है उनका जनपद के शिक्षकगणों के ग्रुपों पर अधिक से अधिक शेयर किया जाये और शिक्षकगणों को स्कूलों में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने हेतु प्रेरित किया जाये। इस दौरान डायट परिसर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं द्वारा नाट्य, गायन की सुन्दर प्रस्तुति की गयी जिसका जिलाधिकारी महोदय ने सराहना भी की। कार्यक्रम का संचालन ए0आर0पी0 दीन बन्धु त्रिपाठी व आनन्द त्रिपाठी संयुक्त रूप से किया, मेले का मूल्यांकन एस0आर0जी0 व डायट प्रवक्ता के टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 ए0के0 जौहरी, खण्ड शिक्षा अधिकारीगण, शिक्षा अधिकारीगण, विपिन शुक्ला प्रतिनिधि शिवनाडर फाउन्डेशन, एआरपीगण, डी0एल0एड0 प्रशिक्षुगण व शिक्षिकाये उपस्थित रहें।

# दूसरे दिन साउथ अफ्रीका का रहा दबदबा मेजबान टीम को 179 रन की बढ़त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच सेंचुरियन में खेले जा रहा है। पहली पारी की बात करें तो वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका को 342 रन पर ऑल आउट कर दिया। वहीं, वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 212 रन बनाए। तेज गेंदबाज एनरिक नोर्खिया ने 36 रन देकर 5 विकेट झटक लिए। इसके अलावा कगिसो रबाडा और गेराल्ड कोएत्जी को भी 2-2 विकेट लिए। बता दें कि दूसरे दिन साउथ अफ्रीका का दबदबा रहा। साउथ अफ्रीका ने दिन में पारी की शुरुआत 314 रन के साथ की। इसके बाद 342 रन के स्कोर पर साउथ अफ्रीका टीम ऑल आउट हो गई। वेस्ट इंडीज की तरफ से अल्जारी जोसेफ ने पांच विकेट लिए। 342 के जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 58 के स्कोर पर ही दोनों ओपनर्स पवेलियन लौट गए। क्रैग ब्रेथवेट को कगिसो रबाडा ने बोल्ड कर दिया। वहीं, तेजनरायण चद्रपॉल को जिराल्ड कॉट्जी ने आउट किया। इसके बाद रेयमन रेफर के 62 और ब्लैकवुड के 37 रन की बदौलत वेस्टइंडीज ने 100 के आंकड़े को पार किया। इसके बाद वेस्टइंडीज की पारी 212 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी की बात करें तो साउथ अफ्रीका के चार विकेट महज 49 रन पर गिर गए। इस पारी में एडेन मार्करम ने नाबाद 35 रन की पारी खेली है। दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका को शुरुआती झटके लगे और डीन एल्गर 1, टोनी डी जोरजी 0 और तेंबा बावूमा 0 रन बनाकर आउट हो गए। बता दें कि इस समय साउथ अफ्रीका के पास 179 रन की बढ़त है। अल्जारी जोसेफ ने दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका के दो बल्लेबाज, कप्तान टेम्बा बावुमा और डीन एल्गर को आउट कर दिया।



# डेविड मलान के शानदार शतकीय पारी से परास्त हुआ बांग्लादेश, इंग्लैंड को मिली 3 विकेट से जीत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बांग्लादेश और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे तीन मैचों की सीरीज का पहला वनडे मैच इंग्लैंड ने जीत लिया। मेजबान टीम के खिलाफ इंग्लैंड ने इस मैच को 3 विकेट से जीत लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम 47.2 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 209 रन बना सकी। इसके जवाब में इंग्लैंड टीम ने 7 विकेट गंवाकर 48.4 ओवर में यह मुकाबला जीत लिया। इस मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाज डेविड मलान ने 114 रन की नाबाद तूफानी पारी खेली। इस शानदार पारी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। बांग्लादेश की बल्लबाजी की बात करें तो 33 रन पर मेजबान टीम का पहला विकेट गिरा। सलामी बल्लेबाज लिटन दास 7 रन बनाकर क्रिस वोक्स की गेंद पर आउट हुए। बाग्लादेश के कप्तान तमीम इकबाल ने 23 रन की पारी खेली। तीसरे विकेट के लिए नजमुल होसैन शंटो और मुशफिकुर रहीम के बीच 44 रन की साझेदारी हुई। शंटो ने 58 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड, मोईन और आदिल राशिद ने 2-2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत ज्यादा अच्छी नहीं रही। जेसन रॉय महज 4 रन बनाकर आउट हुए। 100 रन तक टीम के 4 विकेट गिर चुके थे। हालांकि एक छोर से डेविड मलान टिके थे। मलान ने 145 गेंदों में 8 चौके और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 114 रनों की पारी खेली। बांग्लादेश के तरफ से ताइजुल इस्लाम ने तीन और मेहदी हसन मिराज ने दो चटकाए।




# कौन हैं भारत के स्टार बल्लेबाजों को ढेर करने वाले मैथ्यू कुहनेमैन जानें इस स्पिनर से जुड़ी 5 दिलचस्प बातें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज 2023 के तीसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के लेफ्ट आर्म स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन ने भारत के शीर्ष बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी। मैथ्यू कुहनेमैन ने इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेले जा रहे तीसरे मैच में रोहित शर्मा, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, रविचंद्रन अश्विन और उमेश यादव का विकेट लिया। बता दें कि उनकी शानदार गेंदबाजी के बदौलत टीम इंडिया महज 109 रन पर ढेर हो गई। बता दें कि वह इस सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया द्वारा चुनी गई मूल टीम का हिस्सा नहीं थे। कुहनेमैन इस टीम में बाद में जुड़े। दिल्ली में खेले गए इस सीरीज के दूसरे मैच में मैथ्यू कुहनेमैन ने दो विकेट झटके थे, जिसमें विराट कोहली का विकेट भी शामिल था। ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे से पहले बहुत कम ही लोग मैथ्यू कुहनेमैन के बारे में जानते थे। आइए आज हम आपको इस शानदार गेंदबाज के बारे में पांच दिलचस्प बातें बताते हैं।बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2023 सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई मैनेजमेंट के तरफ से एस्टन आगर पहले पसंद थे। वह बल्लेबाजी के जरिए भी अपना योगदान देने में भी सक्षम है। हालांकि, पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन ने उन्हें प्लेइंग-11 में नहीं चुना था। इसके बाद दूसरे टेस्ट से पहले टीम में मिचेल स्वेपसन की जगह मैथ्यू कुहनेमैन को तरजीह दी गई। दूसरे टेस्ट मैच से पहले पांच टेस्ट मैच खेलने का अनुभव रखने वाले एस्टन आगर की जगह मैथ्यू कुहनेमैन को भारत के खिलाफ खेलने का मौका मिल गया।



# हरमनप्रीत कौर पर होगी मुंबई इंडियंस को चैंपियन बनाने की जिम्मेदारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को आगामी महिला प्रीमियर लीग के लिए मुंबई इंडियंस ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मुंबई इंडियंस ने आधिकारिक रूप से घोषणा की है कि आगामी डब्ल्यूपीएल में हरमनप्रीत कौर फ्रेंचाइजी की कप्तान होंगी। बता दें कि 150 टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने वाली दुनिया की पहली खिलाड़ी बनी हरमनप्रीत कौर को डब्ल्यूपीएल 2023 के लिए महिला खिलड़ियों की नीलामी में मुंबई इंडियंस ने 1.8 करोड़ रुपये में खरीदा था। मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी ने कहा कि हरमनप्रीत कौर महिला खिलड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ खेलने के लिए प्रेरित करेंगी और उन्हें इसके लिए झूलन गोस्वामी व चार्लोट एडवर्ड्स का साथ मिलेगा, जो मुंबई इंडियंस के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं। नीता अंबानी ने क्या कहा नीता अंबानी ने कहा, 'हम हरमनप्रीत कौर को मुंबई इंडियंस की सबसे पहली महिला टीम की कप्तान पाकर उत्साहित हैं। राष्ट्रीय कप्तान होने के नाते उन्होंने भारतीय महिला टीम को कई शानदार जीत दिलाई हैं। मुझे भरोसा है कि चार्लोट और झूलन के समर्थन से वो हमारी मुंबई इंडियंस महिलाओं को अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित करेंगी।'उन्होंने आगे कहा, 'वो गर्व की अनुभूति कराएंगी और खेल में महिलाओं के लिए ज्यादा खुशी लाएंगी। हमारा ध्यान मुंबई इंडियंस के लिए नए अध्याय की शुरुआत पर लगा है। मैं हमारी लड़कियों को निडर और मनोरंजक क्रिकेट खेलते देखने का इंतजार नहीं कर सकती हूं। हरमनप्रीत और पूरी मुंबई इंडियंस टीम को इस शानदार यात्रा के लिए शुभकामनाएं।हरमनप्रीत कौर हेड कोच चार्लोट एडवर्ड्स और झूलन गोस्वामी के साथ खेल चुकी हैं। हरमनप्रीत कौर ने दुनियाभर की टी20 लीग में भी हिस्सा लिया है। वो अब ऐसी टीम की कमान संभालेंगी, जिसमें से पहले ही कई बड़े नाम शामिल हैं। मुंबई इंडियंस के पास कोचिंग स्टाफ में चार्लोट एडवर्ड्स (हेड कोच), झूलन गोस्वामी (गेंदबाजी कोच और मेंटर), देविका पालशिकर (बल्लेबाजी कोच) और लाइडिया ग्रीनवे (फील्डिंग कोच) हैं।



# भारत के सबसे सफल गेंदबाज को सुनील गावस्कर ने जमकर लगाई लताड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बुधवार को इंदौर के होल्कर स्टेडियम पर पहले दिन का खेल समाप्त हो गया है। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की पहली पारी केवल 33.2 ओवर में 109 रन पर सिमट हो गई। वहीं, पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट खोकर 156 रन बनाए। मैच के पहले दिन रवींद्र जडेजा ने ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सभी चार विकेट चटके, लेकिन फिर भी पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने उन्हें लताड़ लगा दी। ओवर स्टेप की वजह से लाबुशेन को मिला जीवनदान दरअसल, भारत की पारी समाप्त होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड 12 रन पर आउट हो गए। इसके बाद रवींद्र जडेजा ने मार्नस लाबुशेन को अपना शिकार लगभग बना ही लिया था लेकिन, उन्हें नो बॉल (ओवरस्टेपिंग) की वजह से जीवनदान मिल गया। बता दें कि इस इनिंग में जडेजा की यह दूसरी नो बॉल थी। इस घटना पर राहुल द्रविड भी काफी निराश दिखे। हालांकि, मार्नस लाबुशेन को रवींद्र जडेजा ने ही 31 रन क्लीन बोल्ड किया।नो बॉल की घटना पर पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर भी काफी नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि रवींद्र जडेजा द्वारा नो बॉल फेंकना स्वीकार्य नही है। उनके पास कई मैन ऑफ द मैच पुरस्कार हैं, लेकिन एक स्पिनर नो बॉल फेंकता है.. । उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि पारस म्हाम्ब्रे को उनके साथ बैठना होगा और जडेजा को क्रीज के पीछे से गेंदबाजी करनी होगी। ऐसे नो बॉल की वजह से भारत को भविष्य में भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है।' बता दें कि पारस म्हाम्ब्रे इस समय भारतीय टीम के बॉलिंग कोच हैं।बताते चलें कि भारतीय टीम की तरफ से रवींद्र जडेजा एकमात्र गेंदबाज रहे, जिन?होंने मैच के पहले दिन सभी 4 विकेट लिए। उन?होंने 24 ओवर में 6 मेडन सहित 63 रन देकर 4 विकेट लिए।



# सचिन तेंदुलकर के साथ पार्टनरशिप करना चाहते हैं बिल गेट्स, शतक को लेकर कही शानदार बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दुनिया के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स की मंगलवार को मुलाकात हुई। सचिन तेंदुलकर ने मुंबई में हुई इस मुलाकात की जानकारी ट्विटर के जरिए साझा की। उन्होंने बिल गेट्स के साथ हुई मुलाकात की तस्वीरें भी साझा की। तस्वीरें में देखा जा सकता है कि सचिन तेंदुलकर की पत्नी अंजलि तेंदुलकर भी मुलाकात के दौरान मौजूद थीं। ट्विटर पर तस्वीरें साझा करते हुए सचिन तेंदुलकर ने लिखा, 'दोनों के बीच परोपकार और बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल को लेकर बातचीत हुई। बता दें कि सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन आर्थिक रूप से गरीब पृष्ठभूमि के बच्चों को सस्ती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करती है। हम सभी जीवन भर के लिए छात्र हैं:सचिन तेंदुलकर पूर्व क्रिकेटर ने आगे कहा, 'अधिक विचार- विमर्श के जरिए ही दुनिया की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। बच्चों की स्वास्थ्य सेवा सहित, जिस पर हमारा फाउंडेशन काम करता है, परोपकार पर दृष्टिकोण हासिल करने के लिए आज का दिन सीखने का एक शानदार मौका था।' उन्होंने आगे कहा, 'हम सभी जीवन भर के लिए छात्र हैं। आपकी अंतर्दृष्टि के लिए बिल गेट्स का धन्यवाद।'पोस्ट को रीट्वीट करते हुए बिल गेट्स ने बाल स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए तेंदुलकर के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा, 'मुझे बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल में आपके काम के बारे में जानने में काफी आनंद आया। मैं आशावादी हूं , हम साथ मिलकर काम करते हुए हम 'विकास का शतक' बना सकते हैं!' सचिन तेंदुलकर और बिल गेट्स की तस्वीरों पर सोशल मीडिया यूजर्स दिलचस्प कमेंट्स भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा,' , दो दिग्गज एक साथ।' वहीं, एक अन्य ने लिखा, 'वाह..लेजेंड्स एक फ्रेम में। बता दें कि बैठक का आयोजन बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा किया गया था, जो दुनिया भर में सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर काम करता है। कोविड-19 महामारी के बाद गेट्स की यह पहली भारत यात्रा है।





# राशिफल



**मेष-:**आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आएगा. आपकी किसी मित्र के घर धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते है।

**वृष-:**आज का दिन व्यक्तिगत संबंधों में मजबूती लेकर आएगा. आपके अंदर कुछ एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने संसाधनों के कामों पर भी ध्यान देंगे।

**मिथुन-:**आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखें, तभी आप कार्य क्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकाल पाएंगे।

**कर्क-:**आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी करियर में कच्ची विरोध हो सकती है और आपको उन्नति करने का भी मौका मिलेगा।

**सिंह-:**आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और प्रशासन के कार्य में आप तेजी बनाए रखें।

**कन्या-:**आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपकी आध्यात्मिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**तुला-:**आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपका मान सम्मान बढ़ेगा और आप कुछ कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे, जो आपके लिए समस्या दे सकते हैं।

**वृश्चिक-:**आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ लाभ मिल सकता है और साझेदारी में काम करके आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे

**धनु-:**आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने किसी पर आंख मूंदकर भरोसा किया, तो वह आपको नुकसान दे सकता है।

**मकर-:** आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ शत्रु आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-:**आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर परिवार में आपकी सहजता बढ़ेगी. आपकी आज कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है, जिसके लिए आप सावधानी बरत।

**मीन-:**आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे और कोई कानूनी मामला आज आपके लिए समस्या बन सकता हैं।







# यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक और ईस्वरन के शतक की बदौलत रेस्ट ऑफ इंडिया ने बनाया विशाल स्कोर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ग्वालियर के कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम में मध्य प्रदेश बनाम रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच ईरानी कप (ध्हग् ण्ल्ज्) का मुकाबला खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन रेस्ट ऑफ इंडिया टीम ने 3 विकेट खोकर 381 रन बनाए। पहली पारी में यशस्वी जायसवाल ने दोहरा शतक जड़ दिया। वहीं, अभिमन्यु ईश्वरन ने भी शतकीय पारी खेली। यशस्वी जायसवाल ने जमाया दोहरा शतक नंबर 3 पर बल्लबाजी करने आए यशस्वी जायसवाल ने 259 गेंदों पर 213 रन की शानदार पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 30 चौके और 3 छक्के लगाए। इस मैच में जयशवाल शुरू से ही शानदार लय में दिखे। उन्होंने अपने फर्स्ट क्लास करियर का आठवां शतक 157 गेंदों में हासिल किया। बता दें कि जायसवाल ने 230 गेंदों में 200 रन का आंकड़ा छूआ। इस टूर्नामेंट का यह दूसरा सबसे तेज दोहरा शतक है।वहीं, अगर बात करें अभिमन्यु ईश्वरन की तो उन्होंने 240 गेंदों पर 154 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने 17 चौके और 2 छक्के लगाए। इस मैच में टॉस जीतकर रेस्ट ऑफ इंडिया के कप्तान मयंक अग्रवाल ने बल्लेबाजी का फैसला किया। इस मैच में बल्लेबाजी की शुरुआत मयंक अग्रवाल और अभिमन्यु ईश्वरण ने की।हालांकि, कप्तान मयंक अग्रवाल महज 2 रन पर आउट हो गए। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए यशस्वी जायसवाल और अभिमन्यु ईश्वरण के बीच 358 रनों की शानदार साझेदारी हुई। बता दें कि साल 2019 में जायसवाल ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ अपना फस्ट क्लास डेब्यू किया था। बाएं हाथ के बल्लेबाज जायसवाल ने अब तक 15 फर्स्ट क्लास मैच की 25 पारियों में 70 से अधिक की औसत से 1,701 रन बना लिए हैं। वह बड़ी पारी खेलने के लिए जाने जाते हैं, यही कारण है कि उन्होंने 8 शतकों के अलावा सिर्फ 2 अर्धशतक लगाए हैं।



## सम्पादकीय

# अमेरिका यूक्रेन युद्ध पर संभावित चीन प्रतिबंधों के लिए मित्र राष्ट्रों का चाहता है समर्थन

अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, यदि बीजिंग यूक्रेन में अपने युद्ध के लिए रूस को सैन्य सहायता प्रदान करता है, तो संयुक्त राज्य अमेरिका चीन पर नए प्रतिबंध लगाने की संभावना के बारे में करीबी सहयोगियों से इस विषय पर और बात कर सकता है। इस विषय पर व्हाइट हाउस और अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। कराने पर विचार कर रहा है, जिसे बीजिंग नकारता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के सहयोगियों ने सार्वजनिक रूप से सबूत नहीं दिए हैं। उन्होंने चीन को ऐसा करने के खिलाफ सीधे तौर पर चेतावनी भी दी है, जिसमें बाइडन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ-साथ 18 फरवरी को अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और शीर्ष चीनी राजनयिक वांग यी के बीच व्यक्तिगत रूप से बैठक हुई है। म्यूनिख में वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन मामले से परिचित सूत्रों ने कहा कि रूस के लिए चीनी समर्थन का मुकाबला करने के लिए बाइडन प्रशासन के शुरुआती कदमों में ट्रेजरी विभाग सहित कर्मचारियों और राजनयिक स्तरों पर अनौपचारिक पहुंच शामिल है। उन्होंने कहा कि अधिकारी उन देशों के मुख्य समूह के साथ बीजिंग के खिलाफ संभावित कार्रवाई के लिए आधार तैयार कर रहे थे, जो एक साल पहले यूक्रेन पर आक्रमण के बाद रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों का सबसे अधिक समर्थन कर रहे थे।वाशिंगटन द्वारा परामर्श किए गए देश के एक अधिकारी ने कहा कि उन्होंने रूस को संभावित सैन्य सहायता पर विचार करने वाले चीन के बारे में दावों का समर्थन करते हुए बहुत कम खुफिया जानकारी देखी थी। हालांकि, एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि वे सहयोगियों को खुफिया जानकारी का विस्तृत विवरण प्रदान कर रहे थे। रूस-यूक्रेन युद्ध में चीन की भूमिका उन विषयों में शामिल होने की उम्मीद है, जब बाइडन शुक्रवार को व्हाइट हाउस में जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज से मिलेंगे। उससे पहले नई दिल्ली में बुधवार और गुरुवार को रूस, चीन और अमेरिका समेत दर्जनों देशों के विदेश मंत्री युद्ध पर चर्चा करेंगे।पिछले हफ्ते चीन ने एक व्यापक युद्धविराम के लिए 12-सूत्रीय पत्र जारी किया था, जिसे पश्चिम में संदेह के साथ पूरा किया गया था। सूत्रों ने कहा कि प्रतिबंधों पर वाशिंगटन द्वारा शुरुआती पहुंच अभी तक किसी विशेष उपाय पर व्यापक सहमति नहीं बन पाई है। एक सूत्र ने कहा कि प्रशासन पहले समन्वित प्रतिबंधों के विचार को उठाना चाहता था। एक दूसरे सूत्र ने कहा, ठजी 7 के मोर्चे पर, मुझे लगता है कि वास्तविक जागरूकता है,ठ लेकिन यह भी कहा कि चीन पर केंद्रित विस्तृत उपाय अभी तक लागू नहीं हुए हैं। यूक्रेन संघर्ष पीस खाई युद्ध में बस गया है। रूस के पास गोला-बारूद की कमी होने से, यूक्रेन और उसके समर्थकों को डर है कि चीन से आपूर्ति रूस के लाभ के लिए संघर्ष को झुका सकती है। अमेरिका ने प्रतिबंधों से बचने में रूस की मदद करने के आरोपी लोगों और कंपनियों पर नया जुर्माना लगाया। उपायों में चीन और अन्य जगहों पर कंपनियों पर निर्यात प्रतिबंध शामिल हैं जो उन्हें अर्धचालक जैसे सामान खरीदने से रोकेंगे। पूर्वी एशिया के शीर्ष अमेरिकी राजनयिक डैनियल क्रिटेनब्रिंक ने इस सप्ताह कांग्रेस को बताया, ठहमने म्यूनिख में निजी तौर पर और फिर सार्वजनिक रूप से, हमारी चिंताओं को बहुत स्पष्ट रूप से संकेत देने की कोशिश की है।ठ ठहमने निहितार्थों और परिणामों के बारे में बात की है यदि वे ऐसा करते हैं। और हम यह भी जानते हैं कि हमारे कई समान विचारधारा वाले साथी उन चिंताओं को साझा करते हैं। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन पर प्रतिबंध लगाने में संयुक्त राज्य अमेरिका को जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, उनमें यूरोप और एशिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में इसका पूरी तरह से एकीकरण है, जिससे वार्ता जटिल हो गई है। जर्मनी से लेकर दक्षिण कोरिया तक के अमेरिकी सहयोगी चीन को अलग-थलग करने से कतरा रहे हैं।पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तहत एक प्रतिबंध विशेषज्ञ एंथनी रग्गिएरो ने कहा कि बाइडन प्रशासन के पास चीन के भीतर निजी अभिनेताओं को आर्थिक रूप से प्रतिबंधित करने की गुंजाइश है और ऐसा करने से सरकार और बैंक आगे समर्थन प्रदान करने से रोक सकते हैं। तब प्रशासन सार्वजनिक और निजी तौर पर चीन को संदेश भेज सकता है।

# तांत्रिक बाबा का भेष बनाकर ठगी करने वाले बाबाओं का खेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** वादिनी मुकदमा श्रीमती मंजुलता मौर्या पत्नी श्याम किशोर मौर्या निवासी ग्राम व पोस्ट अक्छोर थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र के द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि दो अनजान व्यक्ति द्वारा अपने आप को बाबा बताकर छलपूर्वक नाम पता पूछने के बहाने अपनी बातों में फसांकर वादिनी का गहना व पर्स (जिसमें गले का चैन, कान का झूमका, मंगल सूत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, 2500 रूपया व मोबाईल) लेकर चले गये। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-085/2023 धारा 406,420 भा0द0वि0 बनाम दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत हुआ। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा क्षेत्राधिकारी नगर को विशेष निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के क्रम में तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में आज को उ0नि0 संजय कुमार सिंह मय हमराह हे0का0 अमित कुमार सिंह, का0 अल्पित कुमार सोनकर मय सरकारी वाहन जीप ळइ6430313 मय चालक का0 विश्वरंजन प्रताप चौबे के बिनावर देख भाल क्षेत्र के रोकथाम जुर्म जरायम नगर क्षेत्र में हो रहे ठगी व भोले-भाले लोगो को अपने जाल में फँसाकर जेवर लेकर चापत हो जाने वाले गिरोह के संबंध में बढौली चौराहे पर थाने के सेकेण्ड मोबाइल के उ0नि0 अफरोज आलम, का0 आशीष कुमार यादव व हे0का0 नवीन चौरसिया के साथ पुलिस बुथ में बैठकर ठगी गिरोह की संदिग्ध व्यक्तियों व बरामद के संबंध में आपस में चर्चा कर रहे थे कि जरिये मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि दो मोटर साइकिल पर सवार चार व्यक्ति जो दिनांक 22.02.23 को हाइड्रिल मैदान के सामने तांत्रिक विद्या का भय व झांसे में लेकर चैन मंगल सुत्र व झुमका लेकर चम्पत हो गये थे। जिसके बारे में मैने आपको कल ही बताया है। वही दोनो मोटर साइकिल चुर्क स्टेशन के पास खड़ी है तथा उस पर बैठे चारो व्यक्ति बीडी पिते हुए आपस में बात कर रहे हैं। जिसके पास दो बैग भी है। मुखबीरी सुचना पर विश्वास कर मुखबीरी सुचना से हमराही कर्मचारी गण व सेकेण्ड मोबाइल के उ0नि0 अफरोज आलम से बात विमर्श कर आपस में दो टीम बनाकर मय मुखबीर मय हमराह चुर्क रेलवे स्टेशन से पहले पहुँचकर दोनो वाहनों को सड़क किनारे खड़ाकर मय मुखबीर मय हमराह दबे पाँव स्टेशन के तरफ बढ़ रहे थे कि दुर से दो मोटर साइकिल पर दो लोग बैठे व दो व्यक्ति खडा होकर आपस में बात कर रहे हैं। मुखबिर खास ने इशारा करके बताया कि यही दोनो मोटर साइकिल व चारो व्यक्ति है। जिसके बारे में मैने आपको सुचना दिया है मुखबीर खास को मौके से रुखसत कर धीरे-धीरे मोटर साइकिल के पास पहुँचा तो वहाँ पर मौजूद चारो व्यक्ति हम पुलिस वालो को देखकर इधर-उधर हटना चाहे कि पुलिस वाले हिकमत अमली से घेरकर पकड़ लिया। अभियुक्त गण के कब्जे से बरामदगी / गिरफ्तारी व अन्य साक्ष्य संकलन के आधार पर जुर्म धारा 120ँ,506,467, 468, 471 भा0द0वि0 की बढ़ोत्तरी की गयी। मु0अ0सं0-85/2023 धारा 420,406,120ँ, 506,467, 468, 471 भा0द0वि0 में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः 1. हुसैन पुत्र नजरुदीन, नि0 ठंडानाला, थाना गदरपुर (गुलरभोज), जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड उम्र करीब 45 वर्ष 2. इकबाल पुत्र मो0 शराबुद्दीन, नि0 ठण्डानाला, थाना गदरपुर (गुलरभोज), जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड उम्र करीब 32 वर्ष 3. खालिक पुत्र लियाकत अली नि0 ठण्डा नाला, थाना गदरपुर (गुलरभोज), जिला उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड उम्र करीब 25 वर्ष 4. इस्लाम पुत्र अशरफ, नि0 कर्मलीपुर, थाना गजरौला, जिला अमरोहा, उ0प्र0 उम्र करीब 40 वर्ष । बरामदगी का विवरणः- दो अदद चैन, दो अदद कान का झुमका व कनफुल एक अदद लाकेट (पीला धातु) एक अदद चैन, चार अदद बिछिया, एक अदद चन्द्रमा (सफेद धातु), तीन डिब्बा अंगुठी का पत्थर (नग), दो अदद नम्बर प्लेट, दो अदद मोटर साइकिल की बरामदगी की गयी। पूछताछ का विवरणः-पूछने पर बताये कि हम तीन लोग उत्तराखण्ड तथा एक आदमी उधम सिंह नगर से सटे अमरोहा का रहने वाला है हम लोग जात के मुसलमान है फकीरी का काम करते थे। परन्तु इधर काफी वर्षों से उत्तर प्रदेश बिहार, झारखण्ड, म0प्र0, छत्तीसगण आदि राज्यों में जाकर अंगुठी, पत्थर नग, तांत्रिक विद्या जादू दिखाकर भोली भाली महिलाओ को भूत प्रेत से परेशानी बताकर एक सुनयोजित षड्यंत्र का जाल बिछाकर पहले हम लोगो में से दो लोग महिला से किसी का पता पुछते है। धीरे-धीरे उससे बात करने लगते है बातो में फँसाकर महिला के शरीर पर सोने का गहना, चैन, झुमका मंगलसुत्र आदि के तरफ इशारा करके ठगी करने के इरादे से बताते है कि आपका सोना अशुद्ध हो गया इसलिए आप परेशान है घर में कलह द्वेष है तथा आपका अमुख सदस्य गुजर गया था घोर विपत्ति आने वाली है। यदि अपना भला या निवारण चाहती हैं तो अपने पहने गहने शुद्धीकरण करा लें उसी समय हम लोगो में से दो लोग और आ जाते है तथा बिना कुछ कहे अपनी परेशानी बताकर अपना अंगुठी या चेन देकर बताये गये 51 कदम आगे चलकर पिछे न देखकर घुम कर आते हैं। फिर उनका समान वापस कर दिया जाता है। जिसको देखकर मौके पर मौजूद भोली भाली महिला कपटपुर्ण जालसाजों में फंसकर विश्वाश कर अपना तन का गहना उतारकर शुद्धीकरण करने के लिए रुमाल या पर्श मे रखकर ले लिया जाता है तथा चालीस कदम बिना पिछे देखे जाने के लिए कहा जाता है। जब तक वापस लौटकर आती हैं। हम लोग फरार हो जाते कभी कोई देख भी लेता है। तो हम चारो लोग उसको धमकाकर फरार हो जाते हैं तथा फिर दुसरे दिन दुसरे शहर में जाकर होटल लाज में रूक जाते हैं। फिर अगले दिन दुसरे घटना का अंजाम देने के लिए योजना बनाते हैं तथा अपने खर्च हेतु उन गहनो में से कुछ बेचकर अपना खर्च चलाते हैं। शेष रखे रहते है कि सारी घटनाओं के बाद सारा जेवर बेचकर पैसा बराबर बराबर बांट लेते तथा घटना में मोटर साइकिल पर जिस राज्य के जिस जिले में जाते है। वहां का फर्जी नम्बर प्लेट बना लेते है तथा अपना नम्बर प्लेट बैग में रख लेते है। घटना के बाद अपना नंबर प्लेट बदल लेते है। यह काम हम लोग काफी वर्षों से करते है कई बार पकडे भी गये है। जेल भी गये है फिर भी हम लोग इसको अपना व्यवसाय बना लिए है तथा पेशेवर हो गये है इसी से हम लोगो का परिवार की गृहस्थी चलती है। आपराधिक इतिहास 1. मु0अ0सं0-32/2023 धारा 406,420 भादवि थाना पिपरी जनपद सोनभद्र 2. मु0अ0सं0-85/2023 धारा 420, 406, 120ँ, 506, 467, 468, 471 भा0द0वि0 गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीमः- 1. उ0नि0 संजय कुमार सिंह प्रभारी चौकी कस्बा व थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र । 2. उ0नि0 अफरोज आलम थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र । 3. हे0का0 अमित कुमार सिंह चौकी कस्बा व थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र । 4. हे0का0 नवीन कुमार चौरसिया थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र। 5. का0 आशीष कुमार थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र । 6. का0 अल्पित सोनकर चौकी कस्बा व थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र । 7. का0 विश्वरंजन प्रताप चौबे चौकी कस्बा व थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र ।



# जिले की गौरवशाली परंपरानुसार मिल-जुलकर मनायें त्यौहार शांति समिति की बैठक में अपील

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सतना।** जिले की गौरवशाली परंपरा के अनुसार आगामी समय में आने वाले सभी त्यौहार शांति, सौहार्द पूर्ण वातावरण में मिल-जुल कर मनाएं। इस आशय की अपील गुरुवार को कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में की गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष गुप्ता, आयुक्त नगर निगम श्री राजेश शाही, अपर कलेक्टर श्रीहशैलेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेश जादव, एसडीएम श्री सुरेश गुप्ता, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, जिला आपूर्ति अधिकारी केके सिंह, थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी, सुदीप सोनी सहित विभागीय अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि होली से लेकर नवरात्रि तक त्यौहारों की श्रृंखला शुरू हो रही है। शब्बे रात एवं अन्य त्योहार भी बीच में आएंगे। सभी त्यौहार मिल-जुलकर मनाए। प्राकृतिक रंगों से हर्बल होली खेले।पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष गुप्ता ने कहा कि शांति समिति की बैठक आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कानून और व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण बैठक है। होली में शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक और तीन सवारी दुपहिया की हर चौक-चौराहे पर ब्रीथ एनालाइजर और एन्टीसेप्टर वाहन से जांच की जाएगी और चालानी कार्यवाही होगी। स्लम बस्तियों में रहने वाले लोग अवैधानिक शराब का सेवन नहीं करें। त्यौहार पर मदिरा सेवन और वाहन चालन कर अपनी जान को जोखिम में नहीं डालें। शांति समिति के सदस्य भी आमजन से अपील भी करें।शांति समिति के सदस्यों ने बताया कि होलिका दहन के दिन 7 मार्च की रात्रि को शब्बे रात का त्यौहार होगा। इस रात्रि लोग कब्रिस्तान जाते हैं। वहां सफाई और प्रकाश



की व्यवस्था की जाए। इसी तरह शांति समिति में अपील की गई कि जबरदस्ती किसी के साथ होली नहीं खेली जाए। समिति ने निर्णय लिया कि पूर्व की भांति जिन स्थानों पर होलिका दहन किया जाता रहा है, उन्हीं स्थानों पर होलिका स्थापित कर होलिका दहन किया जाये। होलिका दहन में सार्वजनिक मार्गों को अवरूद्ध नहीं करें। होलिका दहन हेतु विस्फोटक सामग्री का प्रयोग न किया जाये तथा स्कूल की परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए रात्रि 10 बजे तक होलिका दहन अनिवार्य रूप से करें। इसी प्रकार जहाँ पर डामरीकृत सड़क हो वहाँ पर मिट्टी डालकर होलिका दहन करें जिससे सड़क क्षतिग्रस्त न हो। होलिका दहन, धुरेड़ी में अस्त्र-शस्त्र एवं विस्फोटक सामग्री तथा डीजे का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही केमिकल युक्त एवं पेंन्ट का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में कहा गया कि अधिकाधिक प्राकृतिक रंग-गुलाल का प्रयोग किया जाए। होली पर नगर-निगम व स्थानीय निकाय अपने-अपने क्षेत्रों में पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा स्वास्थ्य एवं सफाई कर्मचारी की ड्यूटी लगाएं। कार्यपालन यंत्री (म0प्र0वि0वि0कं0) विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से सतत बनाये रखना सुनिश्चित करें। अवैध चंदा वसूली, अप्रिय घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस थानों/ चौकियों पर पुलिस बल उपलब्ध रहेगा। बिना सक्षम अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र नही बजायें, चिकित्सालय परिसर के समीप ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में वन संपदा एवं हरें वृक्षों को क्षति नहीं करने के लिए अपील की गई। चिन्हित स्थानों पर ही होलिका दहन किया जाए एवं होलिका दहन स्थलों की सूची संबंधित पुलिस थाने में दिए जाने, पर्याप्त चेकिंग प्वाइन्ट शहर में बनाए जाने, डीजे को पूर्ण प्रतिबंधित रखने के निर्देश दिए गए। एनीकट बांध में एकत्रित जल से शहर को जल प्रदाय किया जाता है, इसलिए उस पानी में नहाने से रोकने के लिए बैरीकेटिंग बोर्ड और कर्मचारियों की ड्यूटी नगर निगम द्वारा लगाई जाएगी। शांति समिति की बैठक में जिला प्रशासन द्वारा समिति के सदस्यों एवं आमजन से अपील की गई है कि होली में पानी की बर्बादी कम से कम करें एवं सूखी होली खेलें। शराब की दुकाने बंद रखे जाने का सुझाव भी दिया गया। उपस्थित सदस्यगण द्वारा मोटर साइकिल पर हुरदंगियों द्वारा अवांछनीय गतिविधियाँ रोकने के लिए सतत् पेट्रोलिंग करने के सुझाव, कन्ट्रोल रूम पर एम्बुलेंस तैयार रखने, पेट्रोलिंग वाली गाडियाँ प्रमुख चौराहे पर तैनात रखने, यदि कोई गलती से रंग डाल देता है तो उसे समझाईस देने, नगर निगम द्वारा एक घण्टे पानी की सप्लाई कराने, कंट्रोल रूम पर डॉक्टर की टीम तैनात करने, रेल्वे स्टेशन से निकलने अथवा यात्रा हेतु स्टेशन जाने वाले यात्रियों पर रंग न लगाया जाने, पुलिस कन्ट्रोल रूम पर फायर बिग्रेड, एंबुलेंस और मेडिकल टीम 7 एवं 8 मार्च को अनिवार्यतः उपलब्ध रखने तथा एनीकट, माधवगढ़, जिगनहट घाट पर गोता खोर व अन्य सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

# गोल्ड मेडलिस्ट शिक्षिका अंजली तोमर ने पिता के जन्मदिन पर विद्यालय को समर्पित की पौधे





**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बलिया।** पौधरोपण से पर्यावरण संरक्षण होता है जो आज बहुत जरूरी हैं-शिक्षिका अंजली तोमर उत्तर-प्रदेश के पूर्वांचल मे शासकीय प्राथमिक विद्यालय के शिक्षा की मंदिरो मे ट्रेनर के रूप मे अपनी कार्यशैली के बूते अनेकोनेक बार जिला प्रशासन से लगायत कमिश्नरी व सरकार-शासन से प्रशस्ति-पत्र और गोल्ड मेडल पाकर बागी बलिया का नाम रोशन करने मे विख्यात महिला शिक्षिका अंजली तोमर ने आज अपनी पिता के जन्मदिन के अवसर पर पलदार सहित 101 विभिन्न प्रकार के पौधो को विद्यालय परिसर मे पौधा रोपण कर एक नयी पहल की शुरुआत कि है।जो आम चर्चा का विषय बना हुआ है। उत्तर-प्रदेश के इस बागी बलिया की धरती पर तैनात हमेशा अपने नए कार्यो से विद्यालय को नया मुकाम देने विख्यात प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर पर कार्यरत अंजली तोमर आज गुरूवार को एक बार पुनः कुछ अलग करते हुए अपने पिता जी के जन्मदिन के अवसर पर आम ,अशोक , छितवन और जामुन सहित 101 पौधे विद्यालय को समर्पित किया। इस अवसर पर अंजली तोमर ने बताया कि इस प्रकार का विचार मेरे मन में इसलिए आया कि पौधे लगाने से एक तो पर्यावरण की सुरक्षा होती है।वही दूसरी तरफ विद्यालय का सुंदरीकरण भी होगा। विद्यालय का वातावरण स्वच्छ होने से शिक्षा पर भी असर पड़ता है। जब किसी भी विद्यालय का भौतिक परिवेश हरा-भरा होता है। तो वहाँ का शैक्षिक वातावरण भी अच्छा होता है।इस सभी बातों को दृष्टिगत रखते हुए मैं अपने पिता जी के जन्मदिन पर विद्यालय के प्रांगण में पौधा लगाने का निश्चय किया।पौधरोपण से पर्यावरण संरक्षण होता है जो आजकल बहुत जरूरी हैं। मेरे इस सोच को धरातल पर फलीभूत करने में मेरे विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार यादव का अहम योगदान रहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में 129 साल पहले हादसे का शिकार हुए जहाज के मिले अवशेष

**मिशिगन।** साल 1894 में मिशिगन तट से कुछ दूर हादसे का शिकार हुए मालवाहक जहाज आयरनटन के अवशेषों को खोज लिया गया है। इस हादसे में चालक दल के सिर्फ दो सदस्य ही जीवित बचे थे। जिस जगह यह जहाज हादसे की शिकार हुआ था, लंबे वक्त से उसे खोजा जा रहा था, लेकिन निराशा ही हाथ लगी रही थी। अब करीब 129 सालों के बाद जहाज के अवशेषों को खोज लिया गया है आयरनटन जहाज के दुर्घटनाग्रस्त होने को लेकर कई



अटकलें लगाई जा रहीं थीं, जिनपर अब विराम लग गया है। समाचार एजेंसी एपी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक इतिहासकारों और पुरातत्वविदों की एक टीम ने साल 2019 में जहाज के मलबे का पता लगा लिया था। जिसके बाद मलवे को स्कैन करने और इसका रिकॉर्ड बनाने के लिए रिमोट कैमरों को इस्तेमाल में लाया गया जहाज के मलवे का पता लगाने वाली संस्था आने वाले कुल महीनों में हादसे की जगह को लेकर आने वाले कुछ महीनों में खुलासा करने पर विचार कर रहा है। आधिकारिक तौर पर हादसे की जगह को गुप्त रखा गया था, ताकि इसे गोताखोरों की पहुंच से दूर रखा जा सके और इसका दस्तावेजीकरण ठीक तौर से किया जा सके। खोजकर्ताओं के ओर से जारी एक वीडियो में मालवाहक जहाज आयरनटन को झील की तलहटी में साफ तौर से देखा जा सकता है। हालांकि, जहाज में कोई भी मानव अवशेष नहीं देखा गया है। जहाज के मलवे को खोजने में कई संस्थाओं ने मिलकर काम किया है। इसमें ओशन एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट भी शामिल है, जिसकी स्थापना रॉबर्ट बलार्ड ने की थी। इसी संस्था ने टाइटैनिक और जर्मन युद्धपोत बिस्मार्क के डूबे हुए मलबे का भी पता लगाया था।

# श्रिषि चेरिटेबल ट्रस्ट ने मनाया बच्चे का जन्मदिन



(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** श्रिषि चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गरीब बच्चों को निशुल्क पढ़ाया जाता है। इसी कड़ी में आज ट्रस्ट द्वारा एक बच्चे का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सभी बच्चों में बड़ा उत्साह दिखाई दिया। ट्रस्ट की संस्थापक अध्यक्ष भारती नेगी ने केक काटकर एवं बच्चों को मिठाई खिलाकर जन्मदिन मनाया। इस मौके पर भारती नेगी, गोविंद अग्रवाल, राहुल भाटिया, मीना वाली, अतुल राजपूत, सतपाल, विनीता चौधरी,रीना वेद सोनिया सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जेपी हॉस्पिटल ने किया 5 साल के मरीज़ पर सफल किडनी ट्रांसप्लान्ट

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।**जेपी हॉस्पिटल में 5 साल की बच्ची की हुई सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी। बच्ची की माँ ने अपनी बच्ची को किडनी देकर



उसका जीवन बचाया। घण्टों तक चली यह सर्जरी परिवार के लिए उम्मीद की नई किरण लेकर आई है, जो मां के निःस्वार्थ प्यार की अद्भुत क्षमता को दर्शाती है। जेपी हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम ने इस मुश्किल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस टीम में डॉ अमित के देवरा (डायरेक्टर), डॉ विजय कुमार सिन्हा (डायरेक्टर), डॉ लोक प्रकाश चौधरी (सीनियर कन्सलटेन्ट), डॉ रवि कुमार सिंह (कन्सलटेन्ट) और डॉ अनुज अरोड़ा (एसोसिएट कन्सलटेन्ट) शामिल थे। अपने सशक्त अंग प्रत्यारोपण प्रोग्राम के साथ जेपी हॉस्पिटल अब तक सफलतापूर्वक 800 से अधिक किडनी ट्रांसप्लान्ट कर चुका है। बच्ची क्रोनिक किडनी रोग और हाइपरटेंशन(बी. पी.) से पीड़ित थी और उसे अच्छी गुणवत्ता का जीवन देने का एक मात्र तरीका था किडनी ट्रांसप्लान्ट। बच्ची की मां ने अपनी बच्ची को किडनी देने की इच्छा जताई, जिसके बाद उन्हें डोनेशन के लिए फिट पाया गया। सर्जरी के बारे में बात करते हुए डॉ अमित के देवरा, डायरेक्टर एवं कोऑर्डिनेटर- किडनी ट्रांसप्लान्ट प्रोग्राम- जेपी हॉस्पिटल, नोएडा ने बताया, "हमें यह बताते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है कि हमने अपने अस्पताल में सबसे कम उम्र की बच्ची पर किडनी ट्रांसप्लानट को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, बच्ची को फुली फंक्शनिंग ग्राफ्ट के साथ छुट्टी दी गई। मात्र 5 साल की उम्र और 15 किलो वज़न के साथ बच्ची का सफल ट्रांसप्लान्ट हमारी मेडिकल टीम के कौशल एवं समर्पण की पुष्टि करता है। पीडिएट्रिक किडनी ट्रांसप्लान्ट हमेशा से चुनौतीपूर्ण होता है, सर्जरी के दौरान वाइटल लक्षणों पर पूरी निगरानी रखनी पड़ती है, इसी तरह सर्जरी के बाद भी हमारे नेफ्रोलोजिस्ट फ्लूड मैनेजमेन्ट और इम्युनोसप्रेसेन्ट केयर करते हैं। यह सर्जरी हमारी टीम के लिए और भी मुश्किल थी, क्योंकि हमें व्यस्क की किडनी को एक छोटे बच्चे में ग्राफ्ट करना था, जहां स्पेस भी सीमित था। कई मुश्किलों के बीच, यह सर्जरी साढ़े तीन घण्टे तक चली। जिसमें बच्ची की मां से किडनी को हार्वेस्ट किया गया और बच्ची के शरीर में इसे मेजर वैसल्स- कॉमन इलियक आर्टरी और आईवीसी- के साथ कनेक्ट किया गया।

# महानगर भाजपा द्वारा जिला कार्यालय पर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।**शक्ति केंद्र स्तर पर राष्ट्रपति के अभिभाषण के विषयों पर आगामी संगोष्ठी होने के लेकर चर्चा हुई। बैठक में नोएडा महानगर के जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता एवं पहलाद दुआ क्षेत्रीय सह संयोजक ने सभी मण्डल अध्यक्षों और ज़िला पदाधिकारियों को संगोष्ठी से जुड़ी सभी जानकारियों से अवगत कराया। मनोज गुप्ता ने बताया कि यह संगोष्ठी



आगामी 11 मार्च से प्रारंभ होकर 20 मार्च तक सभी शक्ति केंद्रों पर आयोजित होंगी और इन सभी संगोष्ठी को सफल बनाने के लिए पार्टी ने ये निर्णय लिया है कि जिले के सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि को शक्ति केंद्र आवंटित किए जाएँगे। माननीय सांसद व जिला पंचायत अध्यक्षों को 10-10 शक्ति केंद्र के कार्यक्रम में रहना होगा वहीं माननीय विधायक (एमएलसी/एमएलए) को 5-5 शक्ति केंद्र पर रहना होगा। साथ ही जिला कार्यकारिणी के सभी जिले के पदाधिकारियों को अपने-अपने शक्ति केंद्रों पर रहकर इन संगोष्ठियों का संचालन सही चले इसको सुनिश्चित करना है। जिले में निवास करने वाले प्रदेश क्षेत्र एवं जिले के पदाधिकारी एवं मोर्चा अध्यक्ष को भी इन संगोष्ठियों की जिम्मेदारी दी गई है।शक्ति केंद्र पर संगोष्ठी में ज्यादा ज़्यादा लोग रहे इसकी मॉनिटरिंग वहाँ के शक्ति केंद्र प्रभारी करेंगे। इन संगोष्ठी की तैयारी के चलते 3 मार्च को सभी क्षेत्रों की बैठक प्रदेश की टीम के साथ वर्चुअल के माध्यम से होगी और 5-6 मार्च को सभी क्षेत्र और ज़िला पदाधिकारी वर्चुल बैठक कर इस अभियान को पूर्ण रूप देंगे। बैठक में महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, विनोद शर्मा, सभी मंडल अध्यक्ष जिसमें अशोक मिश्रा, कल्लू सिंह, सूरज पाल राणा, लोकेश कश्यप, गोपाल गौड़, बबलू यादव, गौतम शर्मा, पंकज झा, विपिन झा, ओम पाल सिंह, प्रदीप शर्मा, कपिल तिवारी, अनिल पैशावरिया, महेंद्र सिंह, भीम सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव आदि कार्यकर्ता रहे।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा कार्यभार संभालते ही एक्शन में

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** नवागंतुक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलैक्ट्रेट सभागार में कलैक्ट्रेट एवं विकास भवन के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करने के उपरांत



सभी राजस्व कार्यो में गतिशीलता लाने एवं कलेक्ट्रेट में स्थापित अन्य विभागीय कार्य को समयबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित जिलाधिकारी कार्यालय के विभिन्न पटलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने अपने निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम नजारत का निरीक्षण किया। उसके उपरांत जिला अधिकारी के द्वारा ई.आर.के. कक्ष, जिला मनोरंजन कर अधिकारी कार्यालय, संयुक्त कार्यालय, राजस्व रिकॉर्ड रूम में पहुंचकर गहनता के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिला अधिकारी ने अपने निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारीगण अपने अपने कार्यालयों में अभिलेखों का रखरखाव मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करते हुए सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें एवं सभी अधिकारी व कर्मचारीगण अपनी-अपनी टेबल पर अपनी नेम प्लेट एवं उनको सौंपे गये कार्यो की लिस्ट बनाकर चस्पा करें साथ ही कार्यालयों में आने वाली जन सामान्य की शिकायतों को लेकर सभी अधिकारी गंभीरता के साथ कार्यवाही करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें ताकि सरकार की मंशा का लाभ आम नागरिकों को मिल सके। उन्होंने ईआरके कक्ष में आने वाली सभी डाक पत्रों का रखरखाव एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण करने के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किए गए। राजस्व रिकॉर्ड रूम का गहनता के साथ निरीक्षण करते हुए जिला अधिकारी ने राजस्व अभिलेखों का रखरखाव निर्धारित मानकों के अनुरूप करने के संबंध में निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने संयुक्त कार्यालय में जारी किए जाने वाले चरित्र प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र के संबंध में गहनता के साथ अभिलेखों की जांच पड़ताल की और संबंधित को निर्देशित किया कि इस संबंध में समय बद्धता के साथ निस्तारण करते हुए जन सामान्य को चरित्र प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी के स्थलीय निरीक्षण के दौरान उनके साथ अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदॉन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट ग्रेटर नोएडा उमेश चन्द निगम, डिप्टी कलेक्टर कोमल पंवार तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# समग्र एवं संतुलित विकास को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया एक श्रेष्ठ बजट

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर ।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत नवीन बजट को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा की वर्तमान बजट प्रदेश के



विकास की एक नई गाथा लिखने के लिए बनाया गया समग्र एवं संतुलित बजट है यहां इसमें एक और बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए क्रियान्वित योजनाओं के लिए विशेष प्रावधान रखा गया है वही प्रदेश के 25 चिकित्सा महाविद्यालयों को क्रियाशील बनाने के लिए 400 करोड़ रुपए का प्रावधान क्रांतिकारी कदम है इसमें सतना चिकित्सा मेडिकल कॉलेज का रास्ता पूरी तरह प्रशस्त हो चुका है त् बजट की सबसे बड़ी खासियत यही है कि इसमें खेलकूद, बालिका विकास, शिक्षा प्रोत्साहन योजना के साथ बकायेदार किसानों का कर्ज भरने का सरकार का निर्णय सराहनीय है त् अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण नारी कल्याण एवं सर्वहारा वर्ग की छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर प्रस्तुत शिवराज सरकार का यह बजट वास्तव में एक अभूतपूर्व बजट कहा जाएगा और इसके लिए मैं सरकार को हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

# महिला उन्नति संस्था द्वारा महिलाओं को सम्मानित किया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला उत्थान को समर्पित सामाजिक संगठन महिला उन्नति संस्था की मीडिया प्रभारी बंदना झा ने बताया कि संस्था द्वारा



1 मार्च से 17 मार्च तक चलने वाले सम्मान एवम जागरूकता कार्यक्रमों के शुभारंभ अवसर पर संगठन की जनपद गौतमबुद्धनगर ईकाई द्वारा विभिन्न क्षेत्रों मे शानदार कार्य कर रही महिला सशक्तिकरण को नया आयाम दे रही महिलाओ को नारी शक्ति सम्मान देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद गौतम बुध नगर की जिला अध्यक्ष रेनू बाला शर्मा ने की। इस कार्यक्रम के तहत नोएडा इकाई ने बिहार महिला संघ की लक्ष्मी सिंह, जागृति लीला फाउंडेशन के कुम्मू जोशी भटनागर, रमा पंत सोशल वर्कर, दीदी की रसोई के ऋतु सिन्हा, संगीता चौधरी मीडिया, सरिता चंद खुशी फाउंडेशन,सीमा रावत बिजनेस हेड, डॉक्टर जिया भाटिया, रितु रेनवाल,एडवोकेट जैसे समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित किया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रसिद्ध कवियत्री श्रीमती ममता सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं किसी से कम नहीं है । महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। प्रत्येक क्षेत्र में देश या विदेश में ये महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। संस्था की गौतमबुद्धनगर अध्यक्षा श्रीमती रेणु बाला शर्मा ने कहा कि संस्था के सभी सदस्यों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि हम हमेशा महिलाओं के हित में कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम में संस्था की जिला प्रभारी रेनू त्यागी, नोएडा महानगर अध्यक्ष कविता सिंह, नोएडा देहात अध्यक्ष पूजा अवाना, प्रियंका, पारुल, उमा जयसवाल, कुसुम पथारिया,मीणा गौतम, रेहाना अल्वी, मंजू शर्मा, रेखा शर्मा, लक्ष्मी शर्मा बीना अवाना आदि सदस्य मौजूद रहे।

# मैहर माता शारदा मंदिर में संचालित दामोदर रोपवे द्वारा खोली गई कंट्रीन में परोसा जा रहा जहर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।** माता शारदा मंदिर प्रांगण में वर्षों से संचालित दामोदर रोपवे के प्रवंधन में संचालित दर्शनार्थियों को शुद्ध पेयजल नाश्ता चाय कॉफी



इत्यादि विक्रय किया जाता है देखा गया कुछ प्रोडक्ट ऐसे भी बेचे जा रहें हैं जिनका कोई रजिस्ट्रेशन नम्बर, मैन्युफैक्चरिंग डेट टाइम प्रोडक्ट की एक्सपायरी डेट कंपनी का नाम आईएफएसएससी कोड नहीं होने के बावजूद भी धड़ल्ले से बेचा जा रहा है जब इस बात की जानकारी दामोदर रोपवे प्रबंधक असरफ जी से ली गई तो प्रोडक्ट भेजनें वाली कम्पनी से बात करने को लेकर अपना पलड़ा झाड़ लिया तभी पत्रकार द्वारा स्थानीय तहसीलदार श्री मानवेन्द्र सिंह को जानकारी दी साथ ही फ़ूड स्पेक्टेर श्रीमती सीमा पटेल को भी जानकारी दी गई उन्हों ने भी जाँच का हवाला दे कर पलड़ा झाड इसके बाबजूद पत्रकार कई घंटो इंतजार करता कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं आए ऐसे में बड़ा सवाल उठता हैं की क्या इन जेम्मेदारों की मिलीभगत से दामोदर प्रवंधन दरसनर्थियों को जहर परोस रहा है साथ ही यह भी सवाल उठता हैं की सूचना मिलने पर भी नहीं आए तो ऐसे में कोई घटना दुर्घटना हो जाती हैं तो क्या यें अधिकारी जिम्मेदारी लेंगे।

# सरस मेले में श्री अन्न महोत्सव का हुआ उद्घाटन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा नोएडा हाट में चल रहे सरस आजीविका मेले में 01 मार्च से 05 मार्च तक ईटरनेशनल मिल्ट्स ईयर के अवसर पर श्री अन्न महोत्सव मनाया जाएगा। बुधवार को श्री अन्न महोत्सव का उद्घाटन किया गया। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अपर सचिव चरणजीत सिंह ने श्री अन्न महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। इस



अवसर पर राघवेंद्र प्रताप सिंह, निदेशक, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय के उप निदेशक रमन वाधवा, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान के असिस्टेंट डायरेक्टर चिरंजीलाल कटारिया, सुधीर कुमार सिंह तथा सुरेश प्रसाद समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यहां महिला समूहों के द्वारा 20 प्रकार के लाइव व्यंजन बनाए गए। जिनका लोगों ने स्वाद चखा और व्यंजनों को सराहा। भारत में यह उत्सव पहली बार मनाया जा रहा है।। उत्सव का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में मिल्ट्स (मोटा अनाज) के प्रोडेक्ट्स को इस्तेमाल करने की जागरुकता है। साथ ही मंत्रालय द्वारा मोटा अनाज के उत्पादों से जुड़ी महिलाओं को उचित मार्केट उपलब्ध कराना भी इसका अहम उददेश्य है। एनआईआरडीपीआर के असिस्टेंट डायरेक्टर चिरंजी लाल कटारिया ने बताया कि भारत के 09 राज्यों से 40 एसएचजी महिलाओं का समूह 01 मार्च से 05 मार्च तक अन्न श्री महोत्सव में हिस्सा लेगा। वहीं, सरस मेले के 13वें दिन बुधवार को लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की। असम, बिहार, उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के हैंडीक्राफ्ट तथा हैंडलूम के उत्पादों की यहां महिलाओं ने खरीदारी की। नोएडा हाट में आयोजित सरस मेले में मौजूद क़रीब 27 राज्यों के 300 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, जो परंपरा, हस्तकला एवं ग्रामीण संस्कृति तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रतिदिन आयोजन किया जा रहा है। सरस मेलों के माध्यम से लाखों महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। मेले में बच्चों के खेलकूद व मनोरंजन के लिए भी संसाधन मौजूद हैं। मेले में दिल्ली-नोएडा सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लाखों दर्शक व ग्राहक भाग ले रहे हैं। दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तमाम व्यवस्थाएं की गई हैं। इंडिया फूड कोर्ट सरस आजीविका मेले में इस बार महत्त्वपूर्ण इंडिया फ़ूड कोर्ट में देश भर के 20 राज्यों की 80 (उद्धमी) गृहणियों के समूह ने अपने प्रदेश के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टाल लगाए हैं, जिसमें हर प्रदेश के क्षेत्रीय व्यंजनों के स्वाद का अनोखा आनंद प्राप्त हो रहा है। सरस आजीविका मेला 2023 में कुछ उत्कृष्ट प्रदर्शन हैं, जो हैंडलूम, साड़ी और ड्रेस मेटिरियल में विभिन्न राज्यों से हैं वो इस प्रकार हैं- टसर की साड़ियां, बाघ प्रिंट, गुजरात की पटोला साड़ियां, काथा की साड़ियां, राजस्थानी प्रिंट, चंदेरी साड़ियां। हिमाचल उत्तराखंड के ऊनी उत्पाद व हैंडलूम के विभिन्न उत्पाद, झारखंड के पलाश उत्पाद व प्राकृतिक खाद्य सहित मेले में पूरे भारत की ग्रामीण संस्कृति के विविधता भरे उत्पाद प्रदर्शित होंगे। इसके साथ ही हैंडीक्राफ्ट, ज्वैलरी और होम डेकोर के प्रोडक्ट्स के रूप में आंध्र प्रदेश की पर्ल ज्वैलरी, वूडन उत्पाद, आसाम का वाटर हायजिनिथ हैंड बैग और योगामैट, बिहार से लाहकी चूड़ी, मधुबनी पेंटिंग और सिक्की क्राफ्ट्स, छत्तीसगढ़ से बेलमेटल प्रोडक्ट्स, मडमिरर वर्क और डोरी वर्क गुजरात से, हरियाणा, का टेरा कोटा, झारखंड की ट्राइबल ज्वैलरी, कर्नाटक का चन्नपटना खिलौना, सबाईग्रास प्रोडक्टस, पटचित्र आनपाल्मलीव ओडिशा, तेलंगाना से लेदर बैग, वाल हैंगिंग और लैंप सेड्स, उत्तर प्रदेश से होम डेकोर, और पश्चिम बंगाल से डोकरा क्राप्ट, सितल पट्टी और डायवर्सीफाइड प्रोडक्ट्स भी उपलब्ध हैं। साथ ही प्राकृतिक खाद्य पदार्थ भी फूड स्टाल पर मौजूद हैं। प्राकृतिक खाद्य पदार्थों के रूप में अदरक, चाय, दाल कॉफी, पापड़, एपल जैम और अचार आदि उपलब्ध रहेंगे। साथ ही मेले में बच्चों के मनोरंजन का भी पुख्ता इंतजाम किया गया है। सरस मेलों के माध्यम से ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं न केवल आजीविका के अवसर सृजन कर रही हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बेहतरीन उदाहरण देश के सामने पेश कर रही हैं। यह निश्चित रूप से आजीविका यात्रा में एक मील का पत्थर है। वहीं, मेले मै सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं।

# पेंट इंडिया ने दिल्ली एनसीआर में आयोजित करेगा अपना नोर्थ इंडिया एडिशन

## पेंट इंडिया 2023- नोर्थ इंडिया एडिशन में 200 से अधिक प्रदर्शकों की ओर से पेंट और कोटिंग उद्योग की व्यापक रेंज को प्रदर्शित किया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** पेंट्स, कोटिंग्स एवं इससे जुड़े अन्य उद्योगों के लिए अग्रणी कारोबार मेला पेंट इंडिया ने दिल्ली एनसीआर में अपने नोर्थ इंडिया एडिशन- पेंट इंडिया 2023 का लॉन्च किया । दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्स्पो सेंटर एवं मार्ट में 2 मार्च को हुआ ।पेंट इंडिया अपनी तरह का अनूठा शो है जिसकी शुरूआत 1991 में हुई, इसका आयोजन हर 2 साल में एक बार मुंबई में होता है। यह मंच उद्योग जगत के सभी




हितधारकों को कारोबार के अवसरों के साथ जुड़ने का मौका प्रदान करता है। पिछले 25 सालों में पेंट इंडिया अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात हो चुका है और सबसे तेज़ी से विकसित होते विश्वस्तरीय आयोजनां में से एक है। 70 देशों से 500 से अधिक प्रदर्शक इस शो में हिस्सा ले रहे हैं।उत्तर भारत से कोटिंग उद्योग के वरिष्ठ दिग्गज ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया । इनमें श्री अशोक राजपूत- प्रोक्यॉरमेन्ट हैड, एकज़ो नोबेल; श्री सतीश अग्रवाल- सीएमडी, कामधेनु पेंट्स; श्री अशोक गैंद- सीएमडी, एक्रो पेंट्स (जेके पेंट्स); आर के भाटिया- सीएमडी, महारानी पेंट्स; अजीत गुप्ता- सीएमडी, रैपिड कोट; अशोक गुप्ता- सीएमडी, सकरनी ग्रुप; अशोक गुप्ता- एमडी, शालीमार पेंट्स; और अपूर्व अग्रवाल, एमडी, सिरका पेंट्स शामिल । पेंट इंडिया 2023 में कोर पेंट/ कोटिंग से जुड़े सभी पहलुओं जेसे प्रिंटिंग इंक, अडहेसिव-सीलेन्ट और कन्स्ट्रक्शन कैमिकल्स पर रोशनी डाली । प्रदर्शनी पेंट एवं कोटिंग उद्योग के आधुनिक रूझानों एवं विनियमों पर रोशनी डाली। कार्यक्रम के पहले संस्करण का आयोजन एक्स्पो नोवा एक्ज़हीबिशन एण्ड कॉन्फ्रैन्स (इंडिया) प्रा लिमिटेड द्वारा किया है जो कलर पब्लिकेशन्स प्रा. लिमिटेड, विश्वस्तरीय मौजूदगी वाले जाने-माने प्रकाशन सदन विन्सेंट्ज़ नेटवर्क तथा दुनिया की 15 सबसे बड़ी प्रदर्शनी कपंनियों में से एक नुरेनबर्ग मैस्से के बीच संयुक्त उद्यम है। नुरेनबर्ग मैस्से 200 से अधिक प्रदर्शनियों के साथ सफलता की सभी उम्मीदों पर खरा उतरा है। लॉन्च की घोषणा करते हुए बेहद उत्सुक दिलिप राघवन, मैनेजिंग डायरेक्टर, एक्स्पो नोवा एक्ज़हीबिशन्स एण्ड कॉन्फ्रैन्स (इंडिया) प्रा लिमिटेड ने कहा, "पेंट इंडिया एक्स्पो 2023 को दिल्ली में आयोजित करने का फैसला आनन-फानन में नहीं लिया गया, बल्कि पिछले सालों के दौरान प्रदर्शकों एवं आगंतुकों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर लिया गया है। ऐसे में हम इस लॉन्च को लेकर बेहद उत्सुक हैं।' 'दिल्ली में आयोजित पेंट इंडिया 2023 में उत्तर भारत की कंपनियों के प्रतिनिधि बढ़-चढ़कर हिस्सा और बड़े पैमाने के निर्माताओं के लिए आपूर्ति श्रृंखला में सुधार लाने का प्रयास किया । ऐसे में यह शो उन्हें अपना कारोबार बढ़ाने के अवसर प्रदान करेंगे, उन्हें उत्तर भारत के उपभोक्ताओं के साथ जोड़ेगा। हम इस शो में आप सभी का स्वागत करने के लिए बेहद उत्सुक हैं।' सोनिया पराशर, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चेयरपर्सन, मैनेजमेन्ट बोर्ड, नुरेनबर्ग मैस्से इंडिया ने कहा।निर्माण उद्योग एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर के तीव्र विकास के परिणामस्वरूप काटिंग उद्योग तेज़ी से विकसित हुआ है। यह प्रदर्शनी आवास एवं निर्माण, परिवहन, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं मैनुफैक्चरिंग से जुड़े हितधारकों को कारोबार के अवसर प्रदान करेंगी। इसी तरह उत्तर भारत में प्रिन्टिंग इंक सेगमेन्ट में पैकेजिंग को भी तेज़ी से लोकप्रियता मिली है। पेंट इंडिया विभिनन क्षेत्रों में प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को पेश करेगा। कृत्रिम चमड़े, रेज़िन, कम्पोज़िट, मास्टरबैचेज़ के लिए कच्चे माल एवं उपकरण प्रोफाइल के साथ आपूर्तिकर्ता अपने प्रोडक्ट्स एवं समाधानों को प्रासंगिक उपभोक्ताओं के समक्ष पेश कर सकेंगे।

# एमसी स्टैन ने एआर रहमान, अरिजीत सिंह और नेहा कक्कड़ को पछाड़ा, बिग बॉस 16 के बाद अब बनाया ये नया रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 जीतने के बाद भी रैपर एमसी स्टैन का जलवा कायम है। हाल ही में उनका






नाम भारत के सबसे पसंदीदा व्यक्तित्वों की लिस्ट में पहले स्थान पर आया है। मनोरंजन करने के मामले में स्टैन अपने प्रशंसकों को कभी निराश नहीं करते। बीबी हाउस से बाहर आने के बाद भी एमसी स्टैन अपनी अपार लोकप्रियता के सारे रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं और अब लेटेस्ट रिपोर्टों के अनुसार वह सबसे पॉपुलर भारतीय संगीतकार बन गए हैं। एमसी स्टैन ने बनाया नया रिकॉर्ड एमसी स्टैन को उनके रैपिंग के अंदाज और स्टाइल के लिए जाना जाता है। उनके रैप सॉन्ग फैंस को दीवाना बना देते हैं। हमारे देश की युवा पीढ़ी उनके गानों से जुड़ी हुई है और भारत की गली से लेकर हर कोने तक स्टैन के प्रशंसक आसानी से देखे जा सकते हैं। बिग बॉस 16 के विजेता, जिन्होंने हमारे देश में मिंबल रैप की शुरुआत की है, बहुत कम समय में देश भर के हर संगीतकार से आगे निकल गए हैं।गूगल ट्रेंड्स की हालिया रिपोर्ट्स में एमसी स्टैन को हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बड़े से बड़े संगीतकारों से आगे निकलते हुए देखा गया है। उन्होंने जो ये मील का पत्थर हासिल किया है वो बड़े-बड़ों को नसीब नहीं हुआ। कोई भी अन्य सिंगर, संगीतकार या रैपर, बस्ती का हस्ती यानी एमसी स्टैन की पॉपुलैरिटी को छू भी नहीं पाया है। एमसी स्टैन के आईजी लाइव ने दुनिया में टॉप 10 में जगह बनाई है, ये किसी भी भारतीय के लिए पहली बार है। इसके साथ ही उन्होंने गूगल ट्रेंड्स पर कई बॉलीवुड ए लिस्ट सेलेब्रिटीज को भी पीछे छोड़ दिया। रिपोर्टों से पता चलता है कि रैपर ने नेहा कक्कड़, एआर रहमान और अरिजीत सिंह को भी पीछे छोड़ दिया है। इस बीच, स्टैन भारत के दौरे पर हैं और उन्हें लाइव परफॉर्म करते देखने के लिए उनके फैंस कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। देशभर में उनके कॉन्सर्ट के टिकट देखते ही देखते बिक गए। अब फैंस इंतजार कर रहे हैं कि उनका अगला वीडियो कब आता है।

# रणबीर कपूर की फिल्म को हिट करने के लिए कार्तिक आर्यन बनेंगे सहारा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**बॉलीवुड सुपरस्टार




कार्तिक आर्यन जो हाल ही में की फिल्म शहजादा में कृति सेनन के साथ नजर आए थे। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई थी लेकीन कार्तिक के रोल को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। इसके बाद अब कार्तिक अपने अगले प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। लेकिन कार्तिक के फैंस के लिए एक और गुड न्यूज सामने आ रही है। दरअसल श्रद्धा कपूर और रणबीर कपूर की फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' भी सिनेमाघरों में आने के लिए पूरी तरह से तैयार है। तो इस बीच कार्तिक और रणबीर के फैंस के लिए खुशखबरी आ है। दोनों एक्टर्स को एक साथ देखना उनके फैंस के लिए काफी खुश कर देने वाली बात होगी। साथ ही ये पहली बार होगा जब कार्तिक और रणबीर बड़े पर्दे पर एकसाथ नजर आएंगे। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कार्तिक आर्यन फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' में नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि उनका फिल्म में कैमियो रोल होगा। फिल्म का निर्देशन लव रंजन ने किया है जो कार्तिक के अच्छे दोस्त हैं। ऐसे में अपने बेस्ट फ्रेंड कार्तिक के साथ 4 फिल्में कर चुके डायरेक्टर लव रंजन इस बार भी अपना लकी चार्म नहीं छोड़ेंगे और फिल्म में उनकी स्पेशल एंट्री होगी। फिल्म तू झूठी मैं मक्कार को लव रंजन और अंकुर गर्ग ने मिलकर निर्देशित किया है। जिसके प्रमोशन में इन दिनों रणबीर और श्रद्धा कपूर जुटे हुए हैं। फिल्म होली के मौके पर यानी 8 मार्च को सिनेमा घरों में रिलीज़ होगी। जिसका इंतजार फैंस को बेसब्री से है क्योंकि कहा जा रहा है कि पठान के बाद ये इस साल की दूसरी बड़ी फिल्म होगी। जिसमें रणबीर कपूर, श्रद्धा कपूर के साथ डिंपल कपाड़िया, बोनी कपूर और स्टैंडअप कॉमेडियन अनुभव बस्सी भी सपोर्टिंग रोल में नजर आएंगे। जो एक रोमांटिक-ड्रामा फिल्म होगी।

# अक्षय कुमार पर फूटा थिएटर मालिक का गुस्सा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार बॉलीवुड में एक के बाद एक फ्लॉप फिल्मों के साथ कठिन दौर से गुजर रहे हैं। रक्षा बंधन, सम्राट पृथ्वीराज,



कठपुतली से लेकर राम सेतु और अब सेल्फी तक, उनकी सभी हालिया फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से फ्लॉप रही है। इसी के चलते अब गेयटी गैलेक्सी के मालिक मनोज देसाई द कपिल शर्मा शो पर आरोप लगा रहे हैं और उन्होंने अक्षय कुमार को अपनी तरफ से वेक अप कॉल दिया है। जैसा कि ज्यादातर लोग जानते हैं कि अक्षय और कपिल के बीच अच्छा बॉन्ड है। लगभग अपनी हर फिल्म के प्रमोशन के लिए अक्षय कुमार, द कपिल शर्मा शो पर जरूर जाते हैं। सोशल मीडिया पर भी ये दोनों एक दूसरे को लेकर हंसी मजाक करते रहते हैं। पर अब लगता है कि अक्षय कुमार की लगातार फ्लॉप हो रही फिल्मों का ठिकरा कपिल शर्मा पर फूटने वाला है। मुंबई के मशहूर थिएटर गेयटी गैलेक्सी के मालिक मनोज देसाई अब अक्षय कुमार को द कपिल शर्मा शो में नियमित रूप से आने के लिए फटकार लगा रहे हैं। फिल्मी फीवर के साथ एक इंटरव्यू में, उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है 'बार-बार कपिल शर्मा शो में जाकर आपको मिल क्या रहा है। वो तो अपना शो चला रहा है, उसे पब्लिक को बेवकूफ बनाना है, पब्लिक को हंसना है मनोज देसाई कहते हैं, 'आप क्या घड़ी-घड़ी उधर जा रहे हैं आपका कुछ इसमें निवेश है वो तो सलमान खान का शो है। आप क्यों जाते हैं कपिल के शो पर मेरे दोस्तों मेरी जनता ने कितना बोला है अक्षय कुमार जी घड़ी घड़ी हमें दिखाते हैं उनको शोभा देता है अब मैं आपको पूछता हूं, आपको शोभा देता है।

# ज्यादा रोमांच के साथ लौटा मैंडलोरियन का तीसरा सीजन, नये सफर पर निकला डिन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** स्टार वार्स की कड़ी द मैंडलोरियन के तीसरे सीजन का पहला एपिसोड डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर बुधवार को स्ट्रीम कर



दिया गया है। पहले दो सीजंस देख चुके दर्शकों को तीसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार था, जो अब खत्म हो गया है। पहला एपिसोड लगभग 35 मिनट का है और अपेक्षा के अनुरूप ही है। पैड्रो पास्कल की आवाज में डिन जैरीन ने कहानी का वही सिरा पकड़ा है, जो द बुक ऑफ बोबा फेट में छोड़ दिया था। सीजन के पहले एपिसोड ने सीरीज के बाकी हिस्से में आने वाले रोमांच की बुनियाद रख दी है। मैंडलोरियन की दुनिया में लड़ाइयां, अजीबोगरीब क्रीचर और ग्रोगु के कारनामे सीरीज का हाइलाइट हैं।चैप्टर 17 द एपॉस्टेट शुरू होने से पहले दोनों सीजंस का रीकैप दिखाया गया है। जिन दर्शकों ने पहले दो सीजन नहीं देखे हैं, उन्हें कहानी का सिरा पकड़ने में आसानी होती है। एपिसोड वन की शुरुआत में ही मैंडलोरियन को विशाल मगरमच्छ जैसे प्राणी से लड़ते हुए दिखाया जाता है। सीरीज के बाकी किरदार केटी सैकहॉफ, कार्ल वेदर्स, एमी सेडारिस, एमिली स्वैलो, जियानकारलो एस्पोसितो और बाकी के किरदार सीरीज में क्या दिलचस्प मोड़ लेकर आते हैं, इसका पता आने वाले एपिसोड्स में ही चलेगा। पहले एपिसोड में जिस रफ्तार से कहानी और घटनाक्रम आगे बढ़ते हैं, वो इसे पहले दो सीजंस से आगे रखता है। घटनाक्रम जिस तरह से घटित हो रहे हैं, उससे एपिसोड में दर्शक की दिलचस्पी बनी रहती है। इन दृश्यों के साथ डिन का सफर आगे बढ़ता है। बीच-बीच में ग्रोगु के हल्के-फुल्के दृश्य माहौल को मनोरंजक बना देते हैं। एक्शन दृश्य असरदार हैं और विजुअल एक्सीपीरएंस को बढ़ाते हैं। कहीं-कहीं ऐसे दृश्य भी आते हैं, जिन्हें बड़े पर्दे पर देखने की तमन्ना जागती है। इन दृश्यों को देखकर प्रोडक्शन वैल्यू का अंदाजा लगाया जा सकता है। कुल मिलाकर, शो रनर और हेड राइटर जोन फेब्रो और डेव फिलोनी रचित मैंडलोरियन सीजन 3 का पहला एपिसोड बांधकर रखता है।

# 75 की उम्र में मुमताज का ऐसा वर्कआउट देख दंग रह गए फैंस बोले- 'हम बैठे आराम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वेटरन एक्ट्रेस मुमताज अपने जमाने की सबसे खूबसूरत अदाकाराओं में से एक रही हैं, हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम ज्वाइन किया है और यहां पर वो अपने फिटनेस सेशंस फैंस के साथ



शेयर करती रहती हैं। अब 75 साल की मुमताज ने बुधवार को एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो काफी इंटेंस वर्कआउट करती नजर आ रही हैं, इस उम्र में मुमताज का ऐसा वर्कआउट देख उनके फैंस भी हैरान हैं। मुमताज ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने वर्कआउट का वीडियो शेयर किया है। जिसमें वो इंटेंस एक्सरसाइज करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को देख अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक्सरसाइज करने में मुमताज को कितनी मशक्कत करनी पड़ रही है, अब उनके इस डेडीकेशन कि हर कोई तारीफ कर रहा है। वही फैंस फिटनेस को लेकर उनके इस डेडीकेशन से इंप्रेस हैं। हेल्थ के प्रति मुमताज का यह डेडीकेशन उनके फैंस को काफी इंस्पायर कर रहा है। उनके इस वीडियो पर कमेंट करते हुए एक फैन ने लिखा, 'और यहां हम बैठकर कुछ नहीं कर रहे, सिर्फ इंस्टाग्राम देखकर पैर हिलाते रहते हैं'। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, 'प्लीज अपना ध्यान रखना आप कमाल हैं मैम।' इसके अलावा कई फैंस उनके इस डेडीकेशन की तारीफ करते हुए उनसे इंस्पिरेशन ले रहे हैं। फैंस उनके इन वर्कआउट सेशंस से खासा इंप्रेस हैं। 1958 में फिल्म 'सोने की चिड़िया' से चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली मुमताज, अपने दौर की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेसेस में से एक रही हैं। मुमताज ने अपने एक्टिंग करियर में कई बेहतरीन फिल्में कीं, अब वो फिर बॉलीवुड में एंट्री लेने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुमताज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरा मंडी में नजर आएंगी।

# अमेरिका में राम चरण को बताया गया इंडिया का ब्रेड पिट, एक्टर का रिएक्शन वीडियो हुआ वायरल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुपरस्टार रामचरण इन दिनों आरआरआर के सॉन्ग नाटू-नाटू के ऑस्कर 2023 में शामिल होने पर फिल्म के प्रचार के एंटरटेनमेंट का एक वीडियो क्लिप तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें शो का होस्ट राम चरण को इंडिया का ब्रैड पिट कहकर इंट्रोड्यूस करते नजर आ रहा है। इसके बाद राम से तुलना राम चरण को खासी पसंद आई। जिसका अंदाजा वीडियो में राम चरण के एक्सप्रेशन देखकर ही लगाया जा सकता है। राम चरण के फैंस को उनके एक्सप्रेशन खासे



लिए अमेरिका में हैं। इस दौरान रामचरण ने एक अमेरिकी टॉक शो में शिरकत की। इस टॉक शो में राम चरण को हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट के नाम से इंडिया का ब्रैड पिट बुलाया गया। जिसके बाद इस टॉक शो में राम चरण का रिएक्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर अमेरिकी टॉक शो केटीएलए चरण का रिएक्शन दिखाई दे रहा है। जब एंकर राम चरण से पूछता है कि आपको हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट की उपाधि से संबोधित करना अच्छा लगा। जिसपर राम चरण जवाब देते हुए कहते हैं, 'निश्चित तौर पर ब्रैड पिट काफी ज्यादा पसंद हैं।' ये वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड होने के बाद खासा वायरल हो रहा है। ब्रैड पिट पसंद आ रहे हैं। राम चरण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लॉस एंजेलिस से पिक्चर्स शेयर की हैं। जिसमें वो कॉफी डेशिंग नजर आ रहे हैं। आरआरआर के सॉन्ग 'नाटू-नाटू' को ऑस्कर 2023 में सर्वश्रेष्ठ ओरिजनल सॉन्ग की कैटेगरी में शामिल किया गया है। ये अवॉर्ड फंक्शन 12 मार्च को अमेरिका में आयोजित होने वाला है।

# इस दिन लौटेंगे रूह बाबा, कार्तिक आर्यन ने भूल भुलैया 3 की अनाउंस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भूल भुलैया 2 कार्तिक आर्यन की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। इसके अगले पार्ट का उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार है। अपने फैंस के इस इंतजार को कार्तिक



आर्यन ने इसके अगला पार्ट की अनाउंसमेंट के साथ खत्म कर दिया। हाल ही में कार्तिक ने अपना एक वीडियो शेयर कर रूह बाबा के अगले प्रोजेक्ट की जानकारी दी। रुह बाबा बनकर लौटेंगे कार्तिक आर्यन कार्तिक आर्यन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर भूल भूलैया 3 के वापस आने की जानकारी दी। इस वीडियो में कार्तिक रुह बाबा की ड्रेस में नजर आ रहे हैं। वीडियो में कार्तिक कहते नजर आ रहे हैं, 'क्या लगा? कहानी खत्म हो गई? दरवाजे तो बंद होते हैं ताकी एक बार फिर से खुल सकें। मैं आत्माओं से सिर्फ बात नहीं करता, आत्माएं मेरे अंदर आ भी जाती हैं।' इसके बाद डरावनी हंसी के बाद ये वीडियो खत्म हो जाता है। साथ ही बैकग्राउंड में भूल भूलैया का टाइटल ट्रैक बजता सुनाई दे रहा है। इस पोस्ट के कैप्शन में कार्तिक आर्यन ने लिखा, 'रुह बाबा रिटर्न, दिवाली 2024, भूल भुलैया 3।'कार्तिक के इस अनाउंसमेंट के बाद काफी समय से इसका इंतजार कर रहे फैंस काफी खुश हैं। इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक फैन ने लिखा, 'हे भगवान, इसने मेरा दिन बना दिया, फाइनलीँ 3 की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हो गई।' एक अन्य ने लिखा, 'सर इस बार तो बॉक्स ऑफिस की दिवाली रुह बाबा के साथ मनाएंगे।भूल भूलैया 3 को भूषण कुमार प्रोड्यूसर करेंगे। इस फिल्म को अनीज बाज्मी डायरेक्ट करेंगे। वहीं, फिल्म की बात करें तो ये फिल्म अगले साल 2024 में रिलीज होगी। कार्तिक आर्यन के वर्क फ्रंट की बात करें तो भूल भूलैया 3 के अलावा वो हंसल मेहता के डायरेक्शन में बनने वाली कैप्टन इंडिया में नजर आएंगे। वहीं, इसके अलावा वो सत्य प्रेम की कथा में कियारा आडवाणी के अपोजिट नजर आएंगे।

# बुर्ज खलीफा के सामने रिद्धिमा पंडित ने दिखाया बोल्ड लुक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रिद्धिमा पंडित अपने ग्लैमरस लुक को लेकर हमेशा चर्चाओं में रहती हैं। अब रिद्धिमा पंडित इन दिनों दुबई में हॉलिडे एंजॉय कर रही हैं। वहां से रिद्धिमा ने अपने फैंस के लिए कुछ पिक्चर्स भी शेयर की हैं। जिसमें बोल्ड और ग्लैमरस लुक में नजर आ रही हैं। बुर्ज खलीफा के सामने रिद्धिमा का ये अंदाज देखकर उनके फैंस चौंक गए हैं। उनके इस ग्लैमरस लुक की पिक्चर्स और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। रिद्धिमा ने बुर्ज खलीफा के सामने अपने इस हॉट लुक की पिक्चर्स सोशल मीडिया पर शेयर की है। जिसमें वो ब्लैक मोनोकनी पहने नजर आ रही हैं। रिद्धिमा ने बुर्ज खलीफा के ठीक सामने एक स्विमिंग पुल में ये पिक्चर्स क्लिक की हैं। इन पिक्चर्स को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'द लास्ट ऑफ खलीफा सीरिज'। उनके इस ग्लैमरस लुक को फैंस खासा पसंद कर रहे हैं। साथ ही उनकी इस पोस्ट पर ढेरों कमेंट्स भी आ रहे हैं। रिद्धिमा ने स्विमिंग पुल में कई पिक्चर्स क्लिक करवाई हैं और उन्हें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। जिसमें वो बोल्ड लुक में नजर आ रही हैं। रिद्धिमा ने एक वीडियो क्लिप भी शेयर की है। जसिमें वो पुल थैरेपी लेती नजर आईं। रिद्धिमा के करियर पर नजर डालें तो उन्होंने मॉडलिंग से अपना करियर शुरू किया था। वो कई



बड़े ऐडवरटाइडमेंट का हिस्सा बन चुकी हैं। इसके बाद साल 2016 में उन्होंने अपना एक्टिंग करियर शुरू किया था। रिद्धिमा पंडित ने सीरियल बहू हमारी रजनीकांत से डेब्यू किया था। इस सीरियल में उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। इसके बाद उन्होंने द ड्रामा कंपनी में काम किया। साथ ही उन्होंने डांस चैम्पियन शो भी होस्ट किया। रिद्धिमा बिग बॉस ओटीटी में भी पार्टिसिपेट कर चुकी हैं।

# शर्मिला टैगोर को सामने देख जब सिमरन की हो गयी थी बोलती बंद, 'गुलमोहर' में निभा रहीं बहू का किरदार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 3 मार्च को गुलमोहर फिल्म रिलीज हो रही है, जिसमें शर्मिला टैगोर और मनोज बाजपेयी के साथ सिमरन लीड रोल में हैं।



फिल्म में सिमरन मनोज की पत्नी और शर्मिला टैगोर की बहू का किरदार निभा रही हैं। गुलमोहर के साथ शर्मिला कई सालों बाद अभिनय में लौटी हैं। फिल्म मुख्य रूप से एक परिवार और रिश्तों की कहानी दिखाती है, जिसमें एकल परिवार और ज्वाइंट फैमिली के बीच होने वाली वैचारिक रस्साकशी को दिखाया गया है।चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट और ऑटोनॉमस वर्क्स के साथ स्टार स्टूडियोज ने फिल्म का निर्माण किया है, जबकि राहुल चित्तेला का निर्देशन है। हाल ही में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिमरन ने वेटरन एक्टर शर्मिला टैगोर के साथ काम करने के अपने अनुभव साझा किये। सिमरन ने बताया कि जब शर्मिला टैगोर के सामने उन्हें पहली बार डायलॉग बोलने के लिए कहा गया था तो उनकी बोलती बंद हो गयी थी। सिमरन उस सीन को याद करते हुए कहती हैं- ठहम सब उनकी उपस्थिति से काफी नर्वस थे और मैं उनके साथ अपने दृश्य को लेकर काफी घबरायी हुई थी। जब मुझे अपनी लाइनें बोलनी थीं, उस वक्त मेरी जुबान ही बंद हो गयी। मेरे करियर में यह दूसरी बार हुआ था। कई साल पहले जब रजनीकांत के साथ पहली बार शूटिंग कर रही थी, तब उन्हें सामने देख मैं एकदम ब्लैंक हो गयी थी और अपनी लाइनें नहीं बोल पा रहा थी।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।